42 वाँ राष्ट्रीय फ़िल्म समारोह

42nd National Film Festival

1995

संपादन
पूर्बा रॉय

Editor
PURBA ROY

समन्वय
अजीत गुप्ता

Co-ordination
AJIT GUPTA

उत्पादन
जी. पी. धुसिया
वी. के. मीणा
ए. के. सिन्हा

Production
G.P. DHUSIA
V.K. MEENA
A.K. SINHA

फ़िल्म समारोह निदेशालय के लिए विज्ञापन और दृश्य प्रचार निदेशालय, सूचना और प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा आकल्पित और प्रकाशित।
मुद्रक: वीरेन्द्रा प्रिंटर्स, करोल बाग, नई दिल्ली 110008

Designed and produced by the Directorate of Advertising & Visual Publicity, Ministry of Information & Broadcasting, Government of India, for the Directorate of Film Festivals. Printed at Veerendra Printers, Karol Bagh, New Delhi 110005.

CONTENTS

विषय सूची

	Page No.	
निर्णायक मण्डल	1	**JURY MEMBERS**
कथाचित्र पुरस्कार	5	**AWARDS FOR FEATURE FILMS**
सर्वोत्तम कथाचित्र पुरस्कार	6	Best Feature Film
निर्देशक की सर्वोत्तम प्रथम कथाचित्र के लिए इंदिरा गांधी पुरस्कार	8	Indira Gandhi Award for Best First Film of a Director
लोकप्रिय एवं स्वस्थ मनोरंजन प्रदान करने वाली सर्वोत्तम कथाचित्र के लिए पुरस्कार	10	Best Popular Film Providing Wholesome Entertainment
राष्ट्रीय एकता संबंधी सर्वोत्तम कथाचित्र का नर्गिस दत्त पुरस्कार	12	Nargis Dutt Award for Best Feature Film on National Integration
परिवार कल्याण संबंधी सर्वोत्तम फ़िल्म	14	Best Film on Family Welfare
अन्य सामाजिक मुद्दों पर सर्वोत्तम फ़िल्म	16	Best Film on other Social Issues
पर्यावरण/संरक्षण/परिरक्षण पर सर्वोत्तम फ़िल्म	18	Best Film on Environment/Conservation/Preservation
सर्वोत्तम बाल फिल्म	20	Best Children's Film
सर्वोत्तम निर्देशन	22	Best Director
सर्वोत्तम अभिनेता	24	Best Actor
सर्वोत्तम अभिनेत्री	26	Best Actress
सर्वोत्तम सह-अभिनेता	28	Best Supporting Actor
सर्वोत्तम सह-अभिनेत्री	30	Best Supporting Actress
सर्वोत्तम बाल-कलाकार	32	Best Child Artiste
सर्वोत्तम पार्श्व गायक	34	Best Male Playback Singer
सर्वोत्तम पार्श्व गायिका	36	Best Female Playback Singer
सर्वोत्तम छायांकन	38	Best Cinematography
सर्वोत्तम पटकथा	40	Best Screenplay
सर्वोत्तम ध्वनि आलेखन	42	Best Audiography
सर्वोत्तम संपादन	44	Best Editing
सर्वोत्तम कला निर्देशन	46	Best Art Direction

सर्वोत्तम वेशभूषाकार	48	Best Costume Designer
सर्वोत्तम संगीत निर्देशन	50	Best Music Direction
सर्वोत्तम गीत	52	Best Lyrics
निर्णायक मण्डल का विशेष पुरस्कार	54	Special Jury Award
सर्वोत्तम विशेष प्रभाव	56	Best Special Effects
सर्वोत्तम नृत्य संयोजन	58	Best Choreography
सर्वोत्तम असमिया कथाचित्र	60	Best Feature Film in Assamese
सर्वोत्तम बंगला कथाचित्र	62	Best Feature Film in Bengali
सर्वोत्तम हिन्दी कथाचित्र	64	Best Feature Film in Hindi
सर्वोत्तम कन्नड़ कथाचित्र	66	Best Feature Film in Kannada
सर्वोत्तम मलयालम कथाचित्र	68	Best Feature Film in Malayalam
सर्वोत्तम मणिपुरी कथाचित्र	70	Best Feature Film in Manipuri
सर्वोत्तम तमिल कथाचित्र	72	Best Feature Film in Tamil
सर्वोत्तम अंग्रेजी कथाचित्र	74	Best Feature Film in English
विशेष उल्लेख	76	Special Mention
ग़ैर कथाचित्र पुरस्कार	79	**AWARDS FOR NON-FEATURE FILMS**
सर्वोत्तम ग़ैर कथाचित्र पुरस्कार	80	Best Non-Feature Film
निर्देशक का सर्वोत्तम प्रथम ग़ैर कथाचित्र पुरस्कार	82	Best First Non-Feature Film of a Director
सर्वोत्तम मानवशास्त्रीय/मानवजातीय फ़िल्म	84	Best Anthropological/Ethnographic Film
सर्वोत्तम कला/सांस्कृतिक फ़िल्म	86	Best Arts/Cultural Film
सर्वोत्तम वैज्ञानिक फ़िल्म	88	Best Scientific Film
सर्वोत्तम पर्यावरण/संरक्षण/परिरक्षण फ़िल्म	90	Best Environmental/Conservation/Preservation Film
सर्वोत्तम प्रोत्साहन देने वाली फ़िल्म	92	Best Promotional Film
सर्वोत्तम ऐतिहासिक पुनर्निर्माण/संकलन फ़िल्म	94	Best Historical Reconstruction/Compilation Film
समाजिक मुद्दों पर सर्वोत्तम फ़िल्म	96	Best Film on Social Issues
सर्वोत्तम शैक्षिक/प्रेरक/शिक्षाप्रद फ़िल्म	98	Best Educational/Motivational/Instructional Film
सर्वोत्तम खोजी फ़िल्म	100	Best Investigative Film
सर्वोत्तम कार्टून फ़िल्म	102	Best Animation Film

विशेष निर्णायक मण्डल पुरस्कार 104 Special Jury Award
सर्वोत्तम लघु कल्पित फ़िल्म 106 Best Short Fiction Film
परिवार नियोजन पर सर्वोत्तम फ़िल्म 108 Best Film on Family Welfare
सर्वोत्तम छायांकन 110 Best Cinematography
सर्वोत्तम ध्वनि आलेखन 112 Best Audiography
सर्वोत्तम संपादन 114 Best Editor
सर्वोत्तम संगीत निर्देशन 116 Best Music Director
विशेष उल्लेख 118 Special Mention
पुरस्कार जो नहीं दिए गए 120 Awards Not Given

सिनेमा पर सर्वोत्तम लेखन पुरस्कार 121 **AWARDS FOR WRITING ON CINEMA**
सर्वोत्तम सिनेमा पुस्तक (1994) 122 Best Book on Cinema (1994)
सर्वोत्तम फ़िल्म समीक्षक (1994) 124 Best Film Critic (1994)

कथासार : कथाचित्र 127 **SYNOPSES: FEATURE FILMS**

अभय 128 Abhay
आमोदिनी 129 Amodini
द्रोहकाल 130 Drohkaal
इंगलिश अँगस्त 131 English August
हागोरोलोई बोहू दूर 132 Hkhagoroloi Bohu Door
हम आपके हैं कौन 133 Hum Aapke Hain Koun
कादलन 134 Kaadhalan
कारुथम्मा 135 Karuthamma
कोचानियन 136 Kochaniyan
कोट्टरेशी कनासु 137 Kottreshi Kanasu
क्रांतिवीर 138 Krantiveer
मम्मो 139 Mammo

मायोफी गी माचा	140	Mayophy Gee Macha
मोघा मल	141	Mogha Mull
मुक्ता	142	Mukta
नामावर	143	Nammavar
निर्बाचन	144	Nirbachana
परम वीर चक्र	145	Param Vir Chakra
परिनयम	146	Parinayam
पवित्र	147	Pavithra
सुक्रुतम्	148	Sukrutham
स्वाहम्	149	Swaham
थेनमाविन कोमबाथ	150	Thenmavin Kombath
उनिशे एप्रिल	151	Unishe April
व्हील चेयर	152	Wheel Chair
कथासार: ग़ैर कथाचित्र	153	**SYNOPSES: NON-FEATURE FILMS**
अ लिटिल वार एवं अनदर वे ऑफ लर्निंग	154	A Little War & Another Way of Learning
ब्लू फ्लेम्स्, ग्रीन विलेजेस् एवं क्लिंट	155	Blue Flames, Green Villages & Clint
फादर, सन एण्ड होली वार एवं गेमस् वी प्लेड इन माइ यूथ	156	Father, Son, Holy War & Games We Played in My Youth
महागिरी एवं न्यूज़ मैगज़ीन 268 (ए) प्लेग-क्यूरेबल एंड प्रिवेंटिबल	157	Mahagiri & News Magazine No. 268 (A) Plague-Curable and Preventable
ऑफ टेगोर एंड सिनेमा एवं ओर्माइन्डे थीरंगलील	158	Of Tagore and Cinema & Ormaynde Theerangalil
पेंटिंग इन टाइम एवं फाल्के चिल्ड्रेन	159	Painting in Time & Phalke Children
रसयात्रा एवं स्टिल लाइफ	160	Rasayatra & Still Life
द मिथ ऑफ द ट्री, द सरपेन्ट एण्ड द मदर एवं द स्टोरी ऑफ इंटिग्रेशन	161	The Myth of the Tree, the Serpant and the Mother & The Story of Integration
द ट्रेप्ड एवं विशुद्ध वनंगल	162	The Trapped & Visuddha Vanangal

निर्णायक मण्डल Jury Members

सर्वोत्तम कथाचित्र पुरस्कार

उनीशे अप्रैल (बंगला)

निर्माता: **रेनु राय** को स्वर्ण कमल तथा 50,000/- रुपये का नकद पुरस्कार

निर्देशक: **रितुपौरनो घोष** को स्वर्ण कमल तथा 25,000/- रुपये का नकद पुरस्कार

प्रशस्ति

सर्वोत्तम कथाचित्र का 1994 का पुरस्कार बंगला फिल्म **उनीशे अप्रैल** को भारत के शहरी जीवन में टूटते पारिवारिक संबंधों और अनूठे अभिनय के लिए प्रदान किया गया है। मां-बेटी के संबंधों को विशिष्ट दिग्काल में प्रस्तुत किया गया है और एक साफ सुथरे नाटक की रचना की गई है।

AWARD FOR THE BEST FEATURE FILM

UNISHE APRIL (BENGALI)

Swarna Kamal and a cash prize of Rs. 50,000/- to the Producer : **RENU ROY**

Swarna Kamal and a cash prize of Rs. 25,000/- to the Director : **RITUPARNO GHOSH**

Citation

The Award for the Best Feature Film of 1994 is given to the Bengali Film **UNISHE APRIL** for a complex and impeccable rendition of fragmenting family relationships in urban India. The bond between a mother and daughter is extended to a defined space and time, and a drama immaculately constructed.

रेनु राय ने अपनी पढ़ाई तो अंग्रेजी साहित्य में की परन्तु अपनी सांस्कृतिक रुचियों को बनाए रखा। उन्होंने एक सांस्कृतिक संस्था "स्पंदन" की स्थापना में 1992 में एक मुख्य भूमिका निभाई और इस समय उसकी कार्यपालक-निर्देशक हैं। रेनु राय रचित कविताओं की एक पुस्तक भी प्रकाशित की गई है। **उनिशे एप्रिल** उनकी निर्मित पहली कथाचित्र है।

Renu Roy took her Masters degree in English but retained her interest in cultural events and committed herself to the performing arts. She played a pivotal role in the setting up of 'Spandan', a cultural organisation, in 1992 and is presently its Executive Director. She has one publication of poems to her credit.
Unishe April is her first feature film.

रितुपौरनो घोष एक जाने माने गैर-कथाचित्र निर्माता के पुत्र हैं। वे अर्थशास्त्र के पोस्ट ग्रेजुएट हैं परन्तु संचार माध्यम में भी रुचि रखते हैं। उन्होंने दूरदर्शन और सिनेमा के विज्ञापन क्षेत्र में बहुत काम किया है और विज्ञापन क्षेत्र में ही 18 पुरस्कार जीते हैं। उन्होंने दूरदर्शन के लिए **बन्दे मातरम्** का निर्देशन किया जिसके पश्चात् उन्होंने अपनी प्रथम कथाचित्र **हिरेर अंगटी** का निर्देशन किया। इस फिल्म को आठवें अंतर्राष्ट्रीय फिल्म समारोह 1993 में चुना गया था। **उनिशे एप्रिल** उनकी निर्देशित द्वितीय कथाचित्र है।

Rituparno Ghosh is the son of a noted documentary film-maker. With a Masters degree in Economics, he has retained his interest in communication. Rituparno has worked with advertising agencies on TV and cinema commercials and public service communications since 1985. He has won 18 advertising awards. He began working independantly with a telefilm **Bande Matram** and went on to make his first feature film **Hirer Angti** which was selected in the Information Section of the 8th International film festival in 1993.
Unishe April is the second Feature Film by Rituparno Ghosh.

निर्देशक की सर्वोत्तम प्रथम कथाचित्र के लिए इंदिरा गांधी पुरस्कार

मोघा मल(तमिल)

निर्माता: **जे. धर्माम्बल** को स्वर्ण कमल तथा 25,000/- रुपये का नकद पुरस्कार

निर्देशक: **ज्ञान राजाशेखरन** को स्वर्ण कमल तथा 25,000/- रुपये का नकद पुरस्कार

प्रशस्ति

निर्देशक की सर्वोत्तम प्रथम कथाचित्र के लिए1994 का इंदिरा गांधी पुरस्कार तमिल फिल्म **मोघा मल** को उसकी साहित्यिक कलाकृति के प्रति भावपूर्ण अनुवाद, वर्णनात्मक अत्यंत भावपूर्ण संगीत रचना और विशिष्ट नियंत्रित निर्देशन के अनुरूप सिनेमा को स्वाभाविक रूप में प्रस्तुत करने के लिए प्रदान किया गया है।

INDIRA GANDHI AWARD FOR THE BEST FIRST FILM OF A DIRECTOR

MOGHA MULL (TAMIL)

Swarna Kamal and a cash prize of Rs. 25,000/- to the Producer : **J. DHARMAMBAL**

Swarna Kamal and a cash prize of Rs. 25,000/- to the Director : **GNANA RAJASEKARAN**

Citation

The Indira Gandhi Award for the Best First Film of a Director for the year 1994 is given to the Tamil Film **MOGHA MULL** for an able translation of a literary work of art, for integrating music with melodramatic narrative and for a cinematic simplicity matched with remarkable directorial control.

जानकीरमन धर्ममाम्बल फिल्म इन्डस्ट्री में जॉनी नाम से परिचित है। उनकी पहली फिल्म **धकम्** जिसका अर्थप्रबंध राष्ट्रीय फिल्म विकास निगम द्वारा किया गया था, इंगलैंड के फिल्म समारोह में प्रदर्शित की गई थी। उनकी पत्नी उनके फिल्म निर्माण कार्य में उनका हर प्रकार से सहायता करती हैं।
धर्ममाम्बल ने अपने चारों फिल्मों में नए तक्नीशियन, कैमरामैन, संपादक तथा निर्देशकों को अवसर दिया जो आगे चलकर अपने कार्य के लिए प्रसिद्ध हुए।

Janakeramen Dharmambal is popularly known as Johny in the film industry. His first film **Dhakam**, financed by NFDC, was released in England during the film festival. His wife has been assisting him in all respects, from selecting themes to identifying fresh talents.
J. Dharmambal in all his four movies has introduced new Technicians, Camera-man, Editors and Directors, who on the long run have become pioneers in their fields.

ज्ञान राजासेखरन केरेला कैडर के आई. ए. एस. आफिसर हैं जो उप-कलक्टर से ट्रीचूर के कलक्टर के ओहदे पर काम कर चुके हैं। उन्होंने उद्योग एवं खेल और युवा विभागों में भी कार्य किया है। वे केरला राज्य फिल्म विकास निगम में प्रबन्ध निर्देशक भी थे और अब मद्रास में केन्द्रिय फिल्म सर्टिफिकेशन बोर्ड के क्षेत्रीय आफिसर हैं। उन्होंने तमिल में कई नाटक लिखे और निर्देशित किए हैं तथा कई किताबों, ब्रोशर और कैलेन्डर की अभिकल्पना भी की है।
मोधामल उनके द्वारा निर्देशित पहली कथाचित्र है।

Gnana Rajasekaran is an IAS officer of Kerala Cadre and has served in various prestigious positions ranging from Sub-collector to the District Collector of Trichur. He has held important positions in Industry and Sports & Youth Affairs departments. Rajasekaran has held the post of Managing Director of Kerala State Film Development Corporation and is the Regional Officer, Central Board of Film Certification in Madras, presently. He has written and directed several plays in Tamil and has designed several book covers, brochures and cal-enders.
Mogha Mull is his first directorial ven-ture in films.

लोकप्रिय एवं स्वस्थ मनोरंजन प्रदान करने वाली सर्वोत्तम कथाचित्र के लिए पुरस्कार

हम आपके हैं कौन (हिन्दी)

निर्माता: राजश्री प्रोडक्शन्स प्रा.लि. को स्वर्ण कमल तथा 40,000/- रुपये का नकद पुरस्कार

निर्देशक: सूरज आर. बर्जात्या को स्वर्ण कमल तथा 20,000/- रुपये का नकद पुरस्कार

प्रशस्ति

लोकप्रिय एवं स्वस्थ मनोरंजन प्रदान करने वाली सर्वोत्तम कथाचित्र का 1994 का पुरस्कार हिंदी फिल्म **हम आपके हैं कौन** को पारिवारिक मनोरंजन और प्रेम-प्रसंगों से भरपूर भारत में जनसाधारण का मनोरंजन करती धूम मचा देने वाली फिल्म के लिए प्रदान किया गया है जिसने सरल-स्पष्ट भाषा का प्रयोग करके भी सफलता प्राप्त की है।

AWARD FOR THE BEST POPULAR FILM PROVIDING WHOLESOME ENTERTAINMENT

HUM AAPKE HAIN KOUN (HINDI)

Swarna Kamal and a cash prize of Rs. 40,000/- to the Producer : **M/S RAJSHRI PRODUCTIONS P. LTD.**

Swarna Kamal and a cash prize of Rs. 20,000/- to the Director : **SOORAJ R. BARJATYA**

Citation

The Award for the Best Popular Film Providing Wholesome Entertainment of 1994 is given to the Hindi Film **HUM AAPKE HAIN KOUN** for revolutionising mass entertainment in India with a family entertainer and a fantasy film that succeeds without recourse to familiar narrative idioms of violence.

सूरज आर. बर्जातिया ने अपनी फिल्मी जीवन की शुरूआत महेश भट्ट की फिल्म **सारांश** में निर्देशन सहायक से की। उन्हें हिरेन नाग के साथ **अबोध** में और एन. चन्द्रा के साथ **प्रतिघात** में सहायक बनने का अवसर भी मिला। सूरज राजश्री प्रोडक्शन के टी.वी. सिरियल **पेइंग गेस्ट** में मुख्य सहायक भी रहे।

मैंने प्यार किया सूरज द्वारा निर्देशित पहली कथाचित्र थी। इस कथाचित्र को फिल्मफेयर 1989 का सर्वोत्तम फिल्म पुरस्कार मिला। साथ ही सूरज को निर्देशन के लिए 1989 के प्रथम प्रयास का पुरस्कार भी मिला।

हम आपके हैं कौन सूरज बर्जातिया के द्वारा निर्देशित दूसरी कथाचित्र है।

Sooraj R. Barjatya started his career as Asstt. Director to Mahesh Bhatt in **Saaransh**. He assisted Hiren Nag in **Abodh** and N. Chandra in **Pratighat**. Barjatya was Chief Assistant in Rajshri Productions TV Serial **Paying Guest**. His first film as an independant director was **Maine Pyar Kiya**. The film apart from getting the Filmfare award for the Best Film of 1989, won him the special award for the Most Sensational Debut for 1989. **Hum Apke Hain Koun** is his second film as an independant Director.

राष्ट्रीय एकता संबंधी सर्वोत्तम कथाचित्र के लिए नरगिस दत्त पुरस्कार

मुक्ता (मराठी)

निर्माता: **अशोक बी. महात्रे** को रजत कमल तथा 30,000/- रुपये का नकद पुरस्कार

निर्देशक: **जब्बर पटेल** को रजत कमल तथा 15,000/- रुपये का नकद पुरस्कार

प्रशस्ति

राष्ट्रीय एकता संबंधी सर्वोत्तम कथाचित्र का 1994 का पुरस्कार मराठी फिल्म **मुक्ता** को राष्ट्रीय जाति उत्पीड़न के चित्र के उग्ररूप को नाटकीय शैली में प्रस्तुत करने और भारत के दलित जनसमूह के संबंधों का प्रचार करने के लिए प्रदान किया गया है।

NARGIS DUTT AWARD FOR THE BEST FEATURE FILM ON NATIONAL INTEGRATION

MUKTA (MARATHI)

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 30,000/- to the Producer : **ASHOK B. MHATRE**

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 15,000/- to the Director : **JABBAR PATEL**

Citation

The Award for the Best Feature Film on National Integration of 1994 is given to the Marathi Film **MUKTA** for mapping a sharply defined dramatic style on to a canvas of national caste oppression and for unversalising the alliances of the Indian Dalit peoples.

अशोक बी. महात्रे

Ashok B. Mhatre

जब्बार पटेल एक डाक्टर से निर्देशक बने और घासीराम कोतवाल नाटक का निर्देशन करके प्रसिद्ध हुए। उनकी पहली कथाचित्र **सामना** को 1974 का राष्ट्रीय पुरस्कार मिला। उसके बाद उन्होंने कई प्रसिद्ध कथाचित्रों का निर्देशन किया **उमबर्था, जैत रे जैत, सिंहासन** तथा **एक होता विदूशक**। इस समय वे एक अंतर्राष्ट्रीय योजना के दौरान बाबा साहब अम्बेदकर पर चित्र बना रहे हैं।

Jabbar Patel, the medical practitioner turned director came to the national cultural scene as a theatre director with Ghasiram Kotwal. His debut as a film director for **Saamna** in 1974 won him the National Film Award. Following that on regular intervals he has made a few renowned films like **Umbartha, Jait Re Jait, Simhasan** and **Ek Hota Vidushak**. Presently he is working on an international project — a feature film on Dr. Babasaheb Ambedkar.

परिवार कल्याण संबंधी सर्वोत्तम फिल्म पुरस्कार

कारुथम्मा (तमिल)

निर्माता: **वेट्रीवेल आर्ट क्रीयेशन्स** को रजत कमल तथा 30,000/- रुपये का नकद पुरस्कार

निर्देशक: **भारतीराजा** को रजत कमल तथा 15,000/- रुपये का नकद पुरस्कार

प्रशस्ति

परिवार कल्याण संबंधी सर्वोत्तम कथाचित्र का 1994 का पुरस्कार तमिल फिल्म **कारुथम्मा** को तमिलनाडु के ग्रामीण चित्रण को व्यापक रूप प्रदान करते हुए अतिभावुकतापूर्ण रूप में बालिकाओं की शैशवकाल में की जाने वाली हत्याओं के दबाए गए सामाजिक विषय को प्रस्तुत करने के लिए प्रदान किया गया है। इसमें एक ऐसे आयाम को दर्शाया गया है जिस पर अब सिर्फ भारतीराजा की ही छाप दिखाई देती है।

AWARD FOR THE BEST FEATURE FILM ON FAMILY WELFARE

KARUTHAMMA (TAMIL)

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 30,000/- to the Producer : **VETRIVEL ART CREATIONS**

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 15,000/- to the Director : **BHARATHIRAJAA**

Citation

The Award for the Best Film on Family Welfare for 1994 is given to the Tamil Film **KARUTHAMMA** for extending the pressing social issue of female infanticide onto a melodrama spanning the canvas of rural Tamil Nadu, a dimension that is now uniquely Bharathirajaa Signature.

भारती राजा का जन्म मदुरई जिले के अलिनगरम् गाँव में हुआ। वे लम्बे संघर्ष के बाद फिल्म इण्डस्ट्री में 1968 में निर्देशन सहायक बनकर आए और बाद में निर्देशक बने।

उन्होंने कभी अपने आप को स्टूडियो या सेट्स की गर्मी या घुटन में बाँध कर नहीं रखा बल्कि खुली हवा में शूटिंग करना ज्यादा पसंद किया। उनकी फिल्मों में रोजमर्रा की जिन्दगी की पहचान है जैसे—16 **व्याथीनीले, अलइगल ओवीथिल्लई, कदालोरा, कविताइगल,** आदि जो आदमी को भीतर तक भेद करती हैं।

भारती राजा ने 1978 से कई बार सर्वोत्तम निर्देशक का पुरस्कार प्राप्त किया है।

Bharathirajaa born in Allinagaram Village of Madurai district. He joined the film industry after a prolonged struggle as an Assistant Director in 1968 and later on graduated as Director.

He has never restricted himself to the heat, glare and suffocation of the studio sets, rather took to nature for shooting. His films which etched real life characters viz. **16 Vayathinile, Alaigal Oyvathillai, Kadalora, Kavithaigal** etc. had delved deep into the minds of people one by one.

He has won many awards as a best director since 1978.

मद्यनिषेध, महिला तथा बाल कल्याण, दहेज विरोधी, नशीले पदार्थों से हानियाँ, विकलांग कल्याण आदि जैसे अन्य सामाजिक मुद्दों पर सर्वोत्तम फिल्म पुरस्कार

परिनयम् (मलयालम) एवं व्हील चेयर (बंगला)

निर्माता: **जी.पी. विजयकुमार** (परिनयम्) एवं **राष्ट्रीय फिल्म विकास निगम लि.** (व्हील चेयर) को रजत कमल तथा 30,000/- रुपये का नकद पुरस्कार

निर्देशक: **हरिहरन** (परिनयम्) एवं **तपन सिन्हा** (व्हील चेयर) को रजत कमल तथा 15,000/- रुपये का नकद पुरस्कार

प्रशस्ति

मद्यनिषेध, महिला तथा बाल कल्याण, दहेज विरोधी, नशीले पदार्थ, विकलांग कल्याण जैसे अन्य सामाजिक विषयों के सर्वोत्तम कथाचित्र का 1994 का पुरस्कार मलयालम फिल्म **परिनयम्** को केरल के सामाजिक इतिहास की सच्ची घटना को दोहराने के लिए दिया गया है जिसमें पारम्परिक जाति प्रधान समाज, सेक्स उत्पीड़न की प्रासंगिकता को निरंतर दर्शाया गया है और बंगला फिल्म **व्हील चेयर** को उद्देश्यपूर्ण कार्यवाई का सुझाव देने वाली, विकलांग व्यक्तियों की स्थिति को प्रभावशाली रूप में प्रदर्शित करने के लिए प्रदान किया गया है।

AWARD FOR THE BEST FILM ON OTHER SOCIAL ISSUES SUCH AS PROHIBITION, WOMEN AND CHILD WELFARE, ANTI-DOWRY, DRUG ABUSE, WELFARE OF THE HANDICAPPED ETC.

PARINAYAM (MALAYALAM) & WHEEL CHAIR (BENGALI)

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 30,000/- to the Producers : **G. P. VIJAY KUMAR** (for **PARINAYAM**) **& N.F.D.C.** (for **WHEEL CHAIR**)

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 15,000/- to the Directors : **HARIHARAN** (for **PARINAYAM**) **& TAPAN SINHA** (for **WHEEL CHAIR**)

Citation

The Award for the Best Film on other Social issues such as prohibition, women and child welfare, anti-dowry, drug abuse, welfare of the handicapped, etc., of 1994 is given to the Malayalam Film **PARINAYAM** for recreating a real incident in the social history of Kerala, thereby indicating the continued relevance of gender oppression in traditional caste-dominated society, and to the Bengali Film **WHEEL CHAIR** for a positive rendition of the condition of handicapped people suggesting affirmative action.

जी. पी. विजय कुमार सैवेन आर्टस् इन्टरनैशनल लि. के प्रबंध निदेशक हैं। पिछले 10 सालों से वे फिल्म निर्माता तथा वितरक हैं। उन्होंने अब तक 28 फिल्मों का निर्माण तथा वितरण किया है जिनमें कुछ पुरस्कृत हुई हैं और कुछ अंतर्राष्ट्रीय फिल्म समारोहों में दिखाई गई हैं। उनकी फिल्मों के कुछ नाम इस प्रकार हैं—**पंचाग्नी, तालावट्टम, स्वतीतिरूनल, भारतम्,** आदि।

हरिहरन फिल्मों में 1965 में आए तथा अब तक 60 फिल्मों का निर्देशन कर चुके हैं। उनकी बेहतरीन फिल्मों में से कुछ, अंतर्राष्ट्रीय फिल्म समारोह में सम्मिलित हो चुकी हैं। उत्तरी कोरिआ के प्योंगयान फिल्म समारोह में डिप्लोमा भी प्रदान किया गया था। 1993 में उनकी फिल्म **सरगम** को सर्वोत्तम निर्देशक का राज्य पुरस्कार तथा लोकप्रिय एवं स्वस्थ मनोरंजन के लिए सर्वोत्तम कथाचित्र का राष्ट्रीय पुरस्कार भी मिला।
परिनयम् उनकी न्यूनतम प्रस्तुती है।

तपन सिन्हा का जन्म 1924 में हुआ। विज्ञान में स्नातक बनने के बाद वे न्यू थियेटर में सहायक साउण्ड इंजीनियर के रूप में कार्यरत रहे। 1952 से उन्होंने फिल्म निर्देशन आरम्भ किया और अब तक 38 फिल्में बना चुके हैं। उनकी फिल्म **काबुलीवाला** को 1956 में सर्वोत्तम कथाचित्र का स्वर्ण कमल प्राप्त हुआ। इसके बाद उन्हें **हाटे बजारे** के लिए भी सर्वोत्तम फिल्म पुरस्कार प्राप्त हुआ। 1990 में **एक डॉक्टर की मौत** के लिए उन्हें सर्वोत्तम निर्देशक का पुरस्कार मिला।
तपन सिन्हा को कई अन्तर्राष्ट्रीय पुरस्कारों से भी सम्मानित किया गया है।

G. P. Vijay Kumar, Managing Director of Seven Arts International Limited, is a leading film producer and distributor. He has been associated with the film production and distribution for the last 10 years. He has so far produced and or distributed 28 films, of which some were award winners while a few earned the distinction of representing India in International Festivals. Some of his popular films include **Panchagni, Thalavattom, Swathithirunal, Bharatham,** etc.

Hariharan entered the Malayalam film industry in 1965, and has so far directed 60 films, many of which were highly successful both commercially and critically. A few of his films have entered the Indian Panorama of International Film Festival of India also. He has also been honoured with a Diploma by the Pyongyan Film Festival of North Korea. In 1993 **Sargam** won the State Award for the Best Director and also National Award for wholesome and popular entertainment.
His latest film is **Parinayam**.

Tapan Sinha was born in 1924. After graduating in Science, Tapan Sinha worked as an assistant sound engineer at New Theatre Studio. Since 1952 he started his prolific career as a film director and since then has made 38 feature films. His film **Kabuliwala** won the Swaran Kamal for the Best Film of the year in 1956. He later also won the National Award for the Best Film for **Hatey Bazarey**. In 1990 **Ek Doctor Ki Maut** won him the National Award for Best Director.
He has also won many international awards from different countries for his various films since 1962.

पर्यावरण/संरक्षण/परिरक्षण पर सर्वोत्तम कथाचित्र पुरस्कार

निर्बाचन (उड़िया)

निर्माता: **राष्ट्रीय फिल्म विकास निगम** और **दूरदर्शन** को रजत कमल तथा 30,000/- रुपये का नकद पुरस्कार

निर्देशक: **बिप्लब राय चौधरी** को रजत कमल तथा 15,000/- रुपये का नकद पुरस्कार

प्रशस्ति

पर्यावरण/संरक्षण/परिरक्षण के सर्वोत्तम कथाचित्र का 1994 का पुरस्कार उड़िया फिल्म **निर्बाचन** को भारत के ग्रामीण क्षेत्रों में अनूठे रूप से नियंत्रित और अनुपम सिनेमा रूपक एवं करुणा और उपहास के बेजोड़ प्रदर्शन सहित पर्यावरण की कठिनाइयों को सूक्ष्मता से प्रस्तुत करने के लिए प्रदान किया गया है।

AWARD FOR THE BEST FILM ON ENVIRONMENT/CONSERVATION/PRESERVATION

NIRBACHANA (ORIYA)

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 30,000/- to the Producer : **N.F.D.C.** and **DOORDARSHAN**

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 15,000/- to the Director : **BIPLAB RAY CHAUDHURI**

Citation

The Award for the Best Film on Environment/Conservation/Preservation of 1994 is given to the Oriya Film **NIRBACHANA** for a stunningly controlled and uniquely cinematic metaphor of rural India and an impending environmental catastrophe shown with compassion and satire.

बिप्लब राय चौधरी ने फिल्म संपादन का कार्य 1963 से आरंभ किया। उनकी अपनी फिल्मों के अलावा उन्होंने 50 से ऊपर फिल्मों का संपादन किया है। 1969 से उन्होंने लघु फिल्म बनाना आरंभ किया तथा 1972 में **बर्न बिहर्न** से कथाचित्र निर्देशन आरंभ किया। आजकल वे भुवनेश्वर स्थित कलिंग स्टूडियो के बोर्ड के एक निर्देशक हैं। उनकी प्रमुख पुरस्कार प्राप्त फिल्में हैं— **चिलिका तीरे, शोध, महापृथ्वी, आश्रय, ये कहानी नहीं, स्पंदन, अरन्य रोदन,** आदि। बिप्लब राय चौधरी को कई राष्ट्रीय तथा अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है।

Biplab Ray Chaudhuri began editing films in 1963. Apart from his own films he has edited more than 50 films at Calcutta and Bombay. He began producing - directing short films in 1969 and made his debut as a feature film director in 1972 with **Barna Biharna.** Presently he is also on the Board of Directors of the well - equipped Kalinga Studios, Bhubaneshwar, Orissa. His major award winning films include **Chilika Teerey, Shodh, Mahaprithivi, Ashray, Yeh Kahani Nahin, Spandan, Aranya Rodan,** etc. Biplab Ray Chaudhuri has won several national and international awards.

सर्वोत्तम बाल कथाचित्र पुरस्कार

कोचानियान (मलयालम) एवं अभय (हिन्दी)

निर्माता: **बुशुरा शाहुदीन** (कोचानियान) और **एन'सीप** (अभय) को स्वर्ण कमल तथा 30,000/- रुपये का नकद पुरस्कार

निर्देशक: **सतीश वेंगनूर** (कोचानियान) और **अन्नू कपूर** (अभय) को स्वर्ण कमल तथा 15,000/- रुपये का नकद पुरस्कार

प्रशस्ति

सर्वोत्तम बाल कथाचित्र का 1994 का पुरस्कार मलयालम फिल्म **कोचानीयान** को युवा बालक के अनुभवों और स्वप्नों के माध्यम से वर्णित केरल के मध्यवर्गीय परिवार की साधारण लेकिन सार्थक कहानी के लिए प्रदान किया गया है और हिन्दी फिल्म **अभय** को जीवन के तर्कसंगत दृष्टिकोण के समर्थक बालक और प्रेत के बीच मानव प्रेम के समर्थक मनोरंजक कथाचित्र के लिए प्रदान किया गया है।

AWARD FOR THE BEST CHILDREN'S FILM

KOCHANIYAN (MALAYALAM) & ABHAY (HINDI)

Swarna Kamal and a cash prize of Rs 30,000/- to the Producers : **BUSHURA SHAHUDEEN** (for **KOCHANIYAN**) & **N'CYP** (for **ABHAY**)

Swarna Kamal and a cash prize of Rs. 15,000/- to the Directors : **SATHEESH VENGANOOR** (for **KOCHANIYAN**) & **ANNU KAPOOR** (for **ABHAY**)

Citation

The Award for the Best Children's Film of 1994 is given to Malayalam Film **KOCHANIYAN** for a simple but effective tale of a middle class Kerala family told through the experiences and dreams of a young boy and to the Hindi Film **ABHAY** for an entertaining film advocating humane love between a child and a ghost advocating a rational outlook to life.

बुशुरा शहुदीन 47 वर्ष की आयु में इतिहास फिल्मस् प्रा. लि. की प्रबंध निदेशक हैं। उन्होंने **अच्चन पट्टालम** का निर्माण किया जिसके लिए उन्हें राज्य सरकार से पुरस्कार मिला तथा यह फिल्म त्रीवेन्द्रम में 1991 के अंतर्राष्ट्रीय बाल फिल्म समारोह में दर्शायी गयी।

Bushura Shahudeen is 47 years old and is the Managing Director of M/s. Itihas Films (P) Ltd. Her previous film produced viz. **Achan Pattalam** won the State Government Award and the film was also screened in the International Childrens' Film Festival which was held at Trivandrum in 1991.

सतीश वेगंनूर ने फिल्म एवं टेलीवीजन संस्था से डिप्लोमा प्राप्त किया है। फिल्म निर्देशन के साथ ही वे फ्रेटोग्राफी तथा विडियोग्राफी में भी रूचि रखते हैं। **कोचानियन** उनकी पहली फिल्म है।

Satheesh Venganoor has a diploma in Film Direction and Film making from Film and Television Institute. Other than film direction he is also interested in photography and videography.
Kochaniyan is his first film.

अन्नु कपूर का असली नाम अनिल कपूर है। उन्होंने भोपाल में अपनी स्कूली पढ़ाई समाप्त करने के पश्चात् दिल्ली के नैशनल स्कूल ऑफ ड्रामा से ड्रामाटिक्स का डिप्लोमा प्राप्त किया। उन्होंने फोक और समकालीन दोनों प्रकार के नाटकों में काम किया। उन्हें कई प्रसिद्ध निर्देशकों के साथ काम करने का अवसर मिला— इ. अल्काज़ी, बैरी जॉन, एम. के. राइना, बी. वी. कारांथ, आदि। अन्नु कपूर ने कई फिल्म एवं टेलिवीज़न धारावाहिकों में भी काम किया है। उनकी कुछ प्रमुख फिल्में हैं— **मण्डी, तेज़ाब, बेताब, राम लखन, उत्सव, मैं आज़ाद हूँ, मिस्टर इन्डिया, परफेक्ट मर्डर, घायल,** आदि। इनमें कई फिल्मों को कई पुरस्कार भी प्राप्त हैं। फिल्म निर्देशन उनका पुराना उद्देश्य था — **अभय** उसी का एक नमूना है।

Annu Kapoor is the screen name adopted by Anil Kapoor. After completing his schooling from Bhopal Annu Kapoor took a Diploma in Dramatics from the National School of Drama, Delhi. He is a theatre buff and has acted in both folk and modern theatre. He has had the opportunity to work under renowned directors like E. Alkazi, Barry John, M.K. Raina, B.V. Karanth and many others. He has acted in films and TV serials as well. The films he has worked in include **Mandi, Tezaab, Betaab, Ram Lakhan, Utsav, Main Azad Hoon, Mr. India, Perfect Murder, Ghayal**, etc. many of which have won several awards. Directing films has always been in Annu Kapoor's plans and **Abhay** is the result.

सर्वोत्तम निर्देशन पुरस्कार

जाह्नु बरुआ

निर्देशक: **जाह्नु बरुआ** को स्वर्ण कमल तथा 50,000/- रुपये का नकद पुरस्कार

प्रशस्ति

सर्वोत्तम निर्देशन का 1994 का पुरस्कार **जाह्नु बरुआ** को असमिया फिल्म **हागोरोलोई बोहू दूर** के निर्देशन से संबंधित मूल फार्मेट में असमिया जीवन की झांकी और वास्तविकता के अनूठे प्रस्तुतीकरण के लिए दिया गया है जिससे भारतीय सिनेमा के स्पेक्ट्रम में वृद्धि हुई है।

AWARD FOR THE BEST DIRECTION

JAHNU BARUA

Swarna Kamal and a cash prize of Rs 50,000/- to the Director : **JAHNU BARUA**

Citation

The Award for the Best Direction for 1994 is given to **JAHNU BARUA** for his work in the Assamese Film **HKHAGOROLOI BOHU DOOR** for capturing Assamese life and reality in an original format uniquely associated with the director, and for enriching the spectrum of Indian Cinema thereby.

जाह्नु बरुआ फिल्म एवं टेलीविजन संस्था के स्नातक हैं। उनकी प्रथम कथाचित्र **अपरूपा** को 1983 का राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त हुआ था। **पापोरी** और **हलोधिआ चोराए बाओधन खाई** भी सराहनीय थी। **हालोधिआ चोराए बाओधन खाई** को 1988 के राष्ट्रीय फिल्म समारोह में स्वर्ण कमल तथा लोकार्नो अंतराष्ट्रीय फिल्म समारोह में रजत पदक प्राप्त हुआ था। 1989 में टोकियो फिल्म समारोह में इस फिल्म को सर्वोत्तम एशियाई फिल्मों में दर्शाया गया था। 1990 में जाह्नु ने **बनानी** और उसके बाद **फिरिंगोती** बनाई। **फिरिंगोती** को 1992 में रजत कमल मिला। फिल्मों से पहले वे भारतीय अन्तरिक्ष अनुसंधान संगठन में काम करते थे। वे आजकल ज़ेवियर इनस्टिट्यूट ऑफ कम्यूनिकेशन, बम्बई में सिनेमा विषय को पढ़ाते भी हैं।

Jahnu Barua is a graduate in Film Direction from Film and Television Institute of India. His first feature film has been **Aparoopa** which won the National Award in 1983. His other film include **Papori** and **Halodhia Choraye Baodhan Khai** (The Catastrophe). The latter won him the Swarna Kamal at the National Film Festival, 1988 and Silver Leopard at the Locarno International Film Festival, 1988. It was also in the Best of Asia Section of the Tokyo International Film Festival, 1989. He has also made **Banani** (The Forest) in 1990. Then he made **Firingoti** (The Spark) which has also won him the Rajat Kamal at the National Film Festival, 1992. Before making feature films, Jahun Barua worked in the Indian Space Research Organisation (ISRO) making educational programmes for Satellite Television. He also teaches Cinema at the Xavier Institute of Communciations, Bombay.

सर्वोत्तम अभिनेता पुरस्कार

नाना पाटेकर

अभिनेता: **नाना पाटेकर** को रजत कमल तथा 10,000/- रुपये का नकद पुरस्कार

प्रशस्ति

सर्वोत्तम अभिनेता का 1994 का पुरस्कार **नाना पाटेकर** को हिन्दी फिल्म **क्रांतिवीर** में एक ऐसे व्यक्ति का प्रभावशाली अभिनय करने के लिए प्रदान किया गया है जो अपने ढंग से जीता है। वह आम व्यक्ति के गहन और छिपे शक्ति-स्रोत को उजागर कर सका है जो प्रत्येक व्यक्ति में सुप्त पड़ी है।

AWARD FOR THE BEST ACTOR

NANA PATEKAR

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 10,000/- to the Actor : **NANA PATEKAR**

Citation

The Award for the Best Actor of 1994 is given to **NANA PATEKAR** for his work in the Hindi Film **KRANTIVEER** for his impressive portrayal of a man who lives life on his own terms. He is able to rekindle in the common man the deep, hidden resource of strength that lies dormant in each one of us.

नाना पाटेकर ने कई फिल्मों में प्रतिभाशाली अभिनय किए हैं जैसे **अंकुश, प्रतिघात, कल की आवाज, प्रहार** तथा **तिरंगा** पर **क्रांतिवीर** के लिए उन्हें स्क्रीन पैनासोनिक तथा फिल्म फेयर की ओर से भी सर्वोत्तम अभिनेता का पुरस्कार मिला।

Nana Patekar was always acclaimed as a fine actor for his performance in **Ankush, Pratighaat, Kal Ki Awaaz, Prahaar,** and **Tiranga** but it was with **Krantiveer** that he won his first award as Best Actor adjudged by Screen Panasonic and Filmfare.

सर्वोत्तम अभिनेत्री पुरस्कार

देबोश्री राय

अभिनेत्री: **देबोश्री राय** को रजत कमल तथा 10,000/- रुपये का नकद पुरस्कार

प्रशस्ति

सर्वोत्तम अभिनेत्री का 1994 का पुरस्कार **देबोश्री रॉय** को बंगला फिल्म **उनीशे अप्रैल** में एकाकी डाक्टर के पात्र को हूबहू अभिनय करने के लिए प्रदान किया गया है। इस फिल्म में विभिन्न भावों को अत्याधिक संवेदी और संतुलित रूप में चित्रांकित किया गया है।

AWARD FOR THE BEST ACTRESS

DEBASREE ROY

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 10,000/- to the Actress: **DEBASREE ROY**

Citation

The Award for the Best Actress of 1994 is given to **DEBASREE ROY** for her complete identification with the character of the lonely doctor in the Bengali Film **UNISHE APRIL.** The wide range of emotion is portrayed in a most sensitive and controlled manner in this film.

देबोश्री राय बंगला फिल्मों की एक जानी मानी अभिनेत्री हैं। उनकी प्रथम फिल्म तपन सिन्हा द्वारा निर्देशित **कुहेली** है जिसमें उन्होंने एक बच्चे की भूमिका में काम किया था। बाद में बड़े होकर उन्होंने **36 चौरंगी लेन, मेघ मुक्ती, नटी बिनोदिनी** आदि फिल्मों में अभिनय किया।

देबोश्री राय एक मशहूर ओडिसी नृत्यांगना भी हैं। वे अपने नृत्य संस्था **'नटराज'** में नृत्य सिखाती भी हैं।

Debasree Roy is a leading commercial star of Bengali Cinema. She started her carrier as a child artist in Tarun Mazumdar's **Kuheli**. Later she established herself as a heroine in films like, **36 Chowringheelane, Megh Mukti, Nati Binodini,** etc.

She is also a renowned Odissi dancer. She teaches and choreographs Odissi compositions in her dance school **'Natraj'**.

सर्वोत्तम सह-अभिनेता पुरस्कार

आशीष विद्यार्थी (द्रोहकाल) एवं नागेश (नामावर)

सह-अभिनेता: **आशीष विद्यार्थी** और **नागेश** को रजत कमल तथा 10,000/- रुपये का नकद पुरस्कार

प्रशस्ति

सर्वोत्तम सह-अभिनेता का 1994 का पुरस्कार **आशीष विद्यार्थी** को **द्रोहकाल** में अपनी भूमिका को पूर्ण क्षमता और दृढ़ विश्वास के साथ सही रूप में प्रस्तुत करने के लिए प्रदान किया गया है और **नागेश** को **नामावर** में महत्वपूर्ण और दुविधापूर्ण स्थिति में शोक संतप्त पिता की भूमिका को जीवंत करने के लिए प्रदान किया गया है।

AWARD FOR THE BEST SUPPORTING ACTORS

ASHISH VIDYARTHI (for Hindi Film 'DROHKAAL')
& NAGESH (for Tamil Film 'NAMMAVAR')

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 10,000/- to the Supporting Actors : **ASHISH VIDYARTHI & NAGESH**

Citation

The Award for the Best Supporting Actor of 1994 is given to **ASHISH VIDYARTHI** for bringing credibility to his role with strength and total conviction in **DROHKAAL** and to **NAGESH** for making the heart break of a broken father come alive with dignity and poise in **NAMMAVAR.**

आशीष विद्यार्थी का जन्म 1965 में हुआ था। उन्होंने दिल्ली विश्वविद्यालय से अपनी शिक्षा प्राप्त की जिसके पश्चात् उन्होंने दिल्ली के ही नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा से नाटक पर डिप्लोमा प्राप्त किया। उन्हें कई प्रसिद्ध नाटककारों के साथ काम करने का सौभाग्य मिला - हबीब तनवीर, प्रसन्ना, बैरी जॉन, सत्यदेव दुबे आदि। उन्होंने चाणक्य, सी-गल, फ्रॅदर, वेस्ट-साइड स्टोरी जैसे प्रसिद्ध नाटकों में भी अभिनय किया है।

आशीष ने अपनी फिल्मी जीवन में केतन मेहता (**सरदार पटेल**), विधु विनोद चोपड़ा (**1942 - अ लव स्टोरी**), महेश भट्ट (**नाजायज़**) आदि निर्देशकों के साथ काम किया है।

Ashish Vidyarthi was born in 1965 and completed his education from Delhi. He is a Diploma holder is dramatics from the National School of Drama, New Delhi. He has worked with renowned directors like Habib Tanvir, Prasanna, Barry John, Satyadev Dubey and others. Major plays in which he has acted include Chanakya, Sea-gull, Father, West-Side story etc.

Ashish's film career include films by Ketan Mehta (**Sardar Patel**), Vidhu Vinod Chopra (**1942-A Love Story**), Mahesh Bhatt (**Najayaz**), etc.

नागेश का जन्म 1933 में हुआ और उन्होंने बहुत ही अल्प आयु में रंगमंच पर काम करना शुरू किया। वे 1951-1957 तक रेल विभाग में कार्यरत रहे जिसके पश्चात् उन्होंने फिल्म में काम आरंभ किया। उनकी पहली फिल्म थी **तामाराई कालम** (तमिल) अब तक वे 1000 से अधिक फिल्मों में काम कर चुके हैं जिनमें तमिल, तेलेगु, कन्नड़, मलयालम तथा हिन्दी भाषाओं की फिल्में प्रमुख हैं। उन्हें रंग मंच तथा फिल्मोंमें अभिनय के लिए कई पुरस्कार भी मिले हैं।

Nagesh was born in 1933 and started acting on stage at a very early age. He worked in the Railways from 1951-57 and entered film industry in 1957 with the Tamil film **Tamarai Kalam**. He has since acted in over 1000 films in Tamil, Telugu, Kannada, Malayalam & Hindi. He has won many awards for stage and film acting.

सर्वोत्तम सह-अभिनेत्री पुरस्कार

सुरेखा सीकरी रेगे

सह अभिनेत्री: **सुरेखा सीकरी रेगे** को रजत कमल तथा 10,000/- रुपये का नकद पुरस्कार

प्रशस्ति

सर्वोत्तम सह अभिनेत्री का 1994 का पुरस्कार **सुरेखा सीकरी रेगे** को हिन्दी फिल्म **मम्मो** में मां की प्रतिनिधि भूमिका को निश्चल, भावुकता और सौम्यता से सहज रूप से निभाने के लिए प्रदान किया गया है।

AWARD FOR THE BEST SUPPORTING ACTRESS

SUREKHA SIKRI REGE

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 10,000/- to the Supporting Actress : **SUREKHA SIKRI REGE**

Citation

The Award for the Best Supporting Actress of 1994 is given to **SUREKHA SIKRI REGE** for her portrayal of the surrogate mother, underplayed with quiet sensitivity and gentleness, in the Hindi Film **MAMMO.**

सुरेखा सीकरी रेगे दस सालों तक रंगमंच तथा फिल्मों की छात्रा रही हैं। उन्होंने प्रसिद्ध रंगकर्मी इब्राहीम अल्काज़ी से रंगमंच की सुक्ष्मियों की शिक्षा प्राप्त की है। वे नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा के रेपरटॅरी कम्पनी के नाटकों में काम कर चुकी हैं और उन्होंने कई नाटकों का हिन्दी रुपान्तर भी लिखा है।

सुरेखा ने **परिनित, नज़र** तथा **मम्मो** में उल्लेखनीय चरित्र निभाया है। उन्होंने गोविन्द निहालिनी, मृनाल सेन, मणि कौल, श्याम बेनेगल आदि प्रसिद्ध निर्देशकों के साथ काम किया है।

सुरेखा को **तमस** के लिए 1988 का सर्वोत्तम सह-अभिनेत्री का पुरस्कार प्राप्त हुआ था तथा अपनी देन के लिए 1989 का संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार भी प्राप्त हुआ था।

Surekha Sikri Rege has been a student of theatre and film arts and has trained under Ebrahim Alkazi for over a decade. She has performed in many of the NSD Repertory Company's productions. She has also translated a number of plays from English to Hindi.

Her recent foray into the world of cinema has been in the form of significant roles in **Parinit, Nazar** and **Mammo**. She has worked with eminent directors viz., Govind Nihalini, Mrinal Sen, Mani Kaul, Shyam Benegal and others.

Surekha won the Best Supporting Actress in '88 for **Tamas** and Sangeet Natak Academy Award in '89 for her contribution to theatre acting.

सर्वोत्तम बाल कलाकार पुरस्कार

मास्टर विजय राघवेंद्र

बाल कलाकार : **मास्टर विजय राघवेंद्र** को रजत कमल तथा 10,000/- रुपये का नकद पुरस्कार

प्रशस्ति

सर्वोत्तम बाल कलाकार का 1994 का पुरस्कार **मास्टर विजय राघवेंद्र** को कन्नड़ फिल्म **कोट्टेरेशी कानासु** में प्रतिभावान छोटे बालक की भूमिका निभाने के लिए प्रदान किया गया है। जिसका समाज ने बहिष्कार कर दिया है। उसने अपने मधुर और प्रेममय व्यवहार से सबका मन जीत लिया है।

AWARD FOR THE BEST CHILD ARTISTE

MASTER VIJAYA RAGHAVENDRA

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 10,000/- to the Child Artiste : **MASTER VIJAYA RAGHAVENDRA**

Citation

The Award for the Best Child Artiste of 1994 is given to **MASTER VIJAYA RAGHAVENDRA** for his work in Kannada Film **KOTTRESHI KANASU** for his portrayal of the bright little boy who is a social outcast. He wins your heart with his soft and endearing mannerisms.

मास्टर विजय राघवेन्द्र विशिष्ट कलाकार जैसे श्री अप्पाजी गौडा के परिवार के वंशज हैं। उन्होंने तीन साल की आयु में अपनी प्रथम फिल्म **चालीसुवा मोडागालु** में अभिनय किया था। उसके पश्चात् विजय ने पारवताम्मा राजकुमार द्वारा निर्मित **परशुराम** तथा **अरालिडा हूगालू** में भी अभिनय किया है।

Master Vijaya Raghvendra belongs to a family of great artists like Sri Appaji Gowda. He made his debut at the age of three in the film **Chalisuva Modagalu**. Later he also worked in the films **Parashurama** and **Aralida Hoogalu** which was produced by Smt. Parvathamma Rajkumar.

सर्वोत्तम पार्श्व गायक पुरस्कार

उन्नीकृष्णन

पार्श्व गायक: **उन्नीकृष्णन** को रजत कमल तथा 10,000/– रुपये का नकद पुरस्कार

प्रशस्ति

सर्वोत्तम पार्श्व गायक का 1994 का पुरस्कार **उन्नीकृष्णन** को दो तमिल फिल्मों **पवित्र** और **कारालन** के गीतों को अपने सहज और उत्कृष्ट स्वर में गाने के लिए प्रदान किया गया है जिस पर उन्होंने व्यावसायिकता की झलक भी नहीं पड़ने दी या जिसमें उन्होंने अपने उन्मुक्त गायन और तकनीक पर अधिपत्य का प्रदर्शन किया है।

AWARD FOR THE BEST MALE PLAYBACK SINGER

UNNIKRISHNAN

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 10,000/- to the Male Playback Singer : **UNNIKRISHNAN**

Citation

The Award for the Best Male Playback Singer of 1994 is given to **UNNIKRISHNAN** for his range and masterly rendition of the songs of two Tamil Films **PAVITHRA** and **KAADHALAN,** demonstrating a rare professionalism and command over technique.

पी. उन्नीकृष्णन ने 12 वर्ष की आयु से ही संगीत शिक्षा आरंभ की। उन्होंने परसोनल मैनेजमेंट में पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा भी किया है। वे आकाशवाणी में ग्रेड 'ए' के कलाकार हैं तथा उनके गाने नियमित रूप से सुनवाए जाते हैं। उन्हें 1988 में सर्वोत्तम जूनियर गायक का पुरस्कार मिला एवं उसके बाद उन्हें कई और पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है। वे सी. एम. ए. एन. ए. के सौजन्य से अमेरिका में अपने गाएकी के फन को प्रस्तुत कर चुके हैं।

P. Unnikrishnan a Post Graduate Diploma holder in Personnel Management, started learning music at the age of 12. He is a grade 'A' artist of All India Radio and has been performing regularly. Starting with the 'Best Junior Vocalist' award in 1988, he has since won many awards. Early this year he completed a 2½ months tour of the U.S under the sponsorship of CMANA.

सर्वोत्तम पार्श्व गायिका पुरस्कार

स्वर्णलता

पार्श्व गायिका : **स्वर्णलता** को रजत कमल तथा 10,000/- रुपये का नकद पुरस्कार

प्रशस्ति

सर्वोत्तम पार्श्व गायिका का 1994 का पुरस्कार **स्वर्णलता** को कारुथम्मा के पोराले पोन्नुथायी गाने में अत्यधिक संवेदनशील/भावपूर्ण गायन के लिए प्रदान किया गया है जिसमें तमिल फिल्म **कारुथम्मा** में निर्णायक प्रभावशाली नाटक बनाने के लिए छायांकित किया गया है।

AWARD FOR THE BEST FEMALE PLAYBACK SINGER

SORNALATHA

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 10,000/- to the Female Playback Singer : **SORNALATHA**

Citation

The Award for the Best Female Playback Singer of 1994 is given, to **SORNALATHA** for her extraordinarily compassionate song **PORALE PONNUTHAYI** upon which much of the crucial dramatic action in the Tamil Film **KARUTHAMMA** is enacted.

स्वर्णलता का जन्म शिमोगा, कर्नाटक में 1973 में हुआ। उन्होंने 1987 में **नीकीक्कर धान्डनाई** फिल्म से अपने पार्श्व गायिका के जीवन की शुरुआत की। उन्हें 1991 में तमिल नाडु सरकार का राज्य पुरस्कार तथा 1994 में 'कलइमामणि' की उपाधि से पुरस्कृत किया गया।

Sornalatha was born in 1973 in Shimoga, Karnataka. She was introduced in play back singing in **Neehikker Dhandanai** film in 1987. She has been the recipient of the Tamil Nadu Government state award in 1991 and honoured with 'Kalaimamani' title in 1994.

सर्वोत्तम छायांकन पुरस्कार

के. वी. आनन्द

कैमरामैन : **के. वी. आनन्द** को रजत कमल तथा 10,000/- रुपये का नकद पुरस्कार
फिल्म को प्रोसेसिंग करने वाली प्रयोगशाला : **जेमिनी कॅलर लैब, मद्रास** को रजत कमल तथा 10,000/- रुपये का नकद पुरस्कार

प्रशस्ति

सर्वोत्तम छायांकन का 1994 का पुरस्कार **के. वी. आनन्द** का मलयालम फिल्म **थेन्माविन कोमबाथ** में सदभावपूर्ण कल्पना और रुपांतरण से निष्पादित विशिष्ट छायांकन का परिचय देने के लिए प्रदान किया गया है। कैमरे की धारा-प्रवाह गतिशीलता, प्रशंसनीय संयोजन और लाइट का प्रयोग ही इस प्रत्यक्ष अनुभव की विशेषताएं हैं।

AWARD FOR THE BEST CINEMATOGRAPHY

K.V. ANAND

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 10,000/- to the Cameraman : **K.V. ANAND**

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 10,000/- to the laboratory processing the film : **GEMINI COLOUR LAB, MADRAS.**

Citation

The Award for the Best Cinematography of 1994 is given to **K.V. ANAND** for the Malayalam Film **THENMAVIN KOMBATH** in recognition of the outstanding cinematography executed with sincerity, imagination and flexibility. Fluid camera movements, praise compositions, and use of light are the highlights of this visual experience.

के. वी. आनन्द का जन्म 1966 में हुआ तथा उन्होंने विशुअल कम्युनिकेशन में पोस्ट ग्रेजुएशन भी किया। वे चार वर्ष तक प्रेस फोटोग्राफर रहने के बाद सिनेमाटोग्राफर पी. सी. श्रीराम के सहायक बन गए। उसके पश्चात् आनन्द ने कई टी. वी. सीरीयल और विज्ञापनों में काम किया। उनके सिनेमाटोग्राफ की हुई फिल्मों में कुछ हैं— **थेमाविन कोमबात, मिन्नाराम, पुन्य देशम ना भूमि,** आदि। उन्हें 1994 का मलयालम फिल्मों के सर्वोत्तम सिनेमाटोग्राफर पुरस्कार प्राप्त हुआ था।

K.V. Anand born in 1966, did his Post Graduate Course in Visual Communiciations. After having worked for four years as Press Photographer he had the opportunity to work under cinematographer P.C. Sriram. Independently he has cinematographed a number of TV serials and advertisement films other than a few feature films like **Themavin Kombattu, Minnaram** and **Punya Desham Na Bhumi**. K.V. Anand has received the Best Cinematographer award for 1994 Malayalam films.

सर्वोत्तम पटकथा पुरस्कार

एम.टी. वासुदेवन नायर

पटकथा लेखक : **एम.टी. वासुदेवन नायर** को रजत कमल तथा 10,000/- रुपये का नकद पुरस्कार

प्रशस्ति

सर्वोत्तम पटकथा का 1994 का पुरस्कार **एम. टी. वासुदेवन नायर** को मलयालम फिल्म **परिनयम** में सिनेमा के कौशलपूर्ण प्रयोग, संवेदनशील पात्रों की रचना के माध्यम से 1940 पूर्व केरल की छवि प्रस्तुत करने के लिए, संतुलित विशिष्ट संवादों के लिए प्रदान किया गया है।

AWARD FOR THE BEST SCREENPLAY

M.T. VASUDEVAN NAIR

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 10,000/- to the Screenplay Writer : **M.T. VASUDEVAN NAIR**

Citation

The Award for the Best Screeplay of 1994 is given to **M.T. VASUDEVAN NAIR** for his masterly use of fiction in cinema, reconstructing pre-1940s Kerala through sharply defined characters and remarkable control over dialogue in the Malayalam film **PARINAYAM.**

एम. टी. वासुदेवन नायर ने अपना कार्यकाल एक लघु कहानीकार के रूप में आरंभ किया। उन्होंने 31 किताबें लिखी हैं जिनमें से कई का विभिन्न भाषाओं में रूपांतर किया गया है। उन्हें साहित्य में कई पुरस्कार प्राप्त हुए हैं जिनमें प्रमुख है साहित्य अकादमी पुरस्कार।

उन्होंने केरेला की फिल्मों से 1966 में। एक पटकथाकार के रूप में संबंध जोड़ा। उनकी कहानी तथा पटकथा पर कई फिल्में बनी हैं जैसे **इरूटीन्डे अतमावु, निर्मलयल, बन्दनम्, अप्पोल, अरूधम, पंचाग्नी, नक्खाक्षटंगल, रितुबेदम्, वैशाली, ओरू वादाक्कन वीरगाथा** आदि। उन्हें 1989-1992 तक लगातार सर्वोत्तम पटकथा का पुरस्कार प्राप्त हुआ है।

M.T. Vasudevan Nair started his career as a short story writer. He is the author of 31 books and his works have also been translated widely. He is the recipient of several literary honours including the Sahitya Akademy Award.

Vasudevan started associating with Kerala's film scene in '66 as a screen play writer. Many of the films based on his stories and screenplays like **Irutinde Atmavu, Nirmalyal, Bandanam, Oppol, Aroodham, Panchagni, Nakhaksha-tangal, Rithubedham, Vaisali, Oru Vadakkan Veeragatha,** etc. have won National recognition. He has won the National Award for Screenplay for years 1989-1992.

सर्वोत्तम ध्वनि आलेखन पुरस्कार

ए. एस. लक्ष्मी नारायणन एवं वी. एस. मूर्ति

ध्वनि आलेखक : **ए. एस. लक्ष्मी नारायण** और **वी. एस. मूर्ति** को रजत कमल तथा 10,000/- रुपये का नकद पुरस्कार

प्रशस्ति

सर्वोत्तम ध्वनि आलेखन का 1994 का पुरस्कार **ए. एस. लक्ष्मी नारायनन** एवं **वी. एस. मूर्ति** को तमिल फिल्म **कादलन** में विभिन्न ट्रैकों के असंख्य प्रभावों को मिलाकर और संगीत और ध्वनि के अनोखे तकनीकी नियंत्रण के लिए दिया गया है।

AWARD FOR THE BEST AUDIOGRAPHY

A. S. LAKSHMI NARAYANAN & V.S. MURTHY

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 10,000/- to the Audiographers : **A. S. LAKSHMI NARAYANAN & V.S. MURTHY**

Citation

The Award for the Best Audiography of 1994 is given to **A. S. LAKSHMI NARAYANAN** and **V. S. MURTHY** for combining numerous effects in multiple tracks and an often dazzling arroy of music, sound and dialogue with remarkable technical control in the Tamil Film **KAADHALAN.**

ए. एस. लक्ष्मीनारायनन मद्रास फिल्म संस्था के साउन्ड इन्जीनियर तथा साउन्ड रेकॉर्डिंग के स्नातक हैं। उन्होंने साउन्ड संबंधी एक छः महीने का न्यूयॉर्क से ट्रेनिंग भी किया है। 1981 से वे सुजाता रेकॉर्डिंग डिविशन, मद्रास में वी.एस. मूर्ती के साथ साउन्ड रेकॉर्डिस्ट का काम कर रहे हैं। उन्होंने भारतन्, अरविन्दन्, मनिरत्नम् तथा भारतीराजा जैसे प्रसिद्ध फिल्म निर्देशकों के साथ काम किया है।

A. S. Lakshminarayanan, a graduate from Madras Film Institute in Sound Recording and Engineering underwent a six months training course in New York. Since 1981, he is working in Sujatha Recording Division (Madras) as a Sound Recordist doing all post production work, along with V.S. Murthy as an associate. He has had the opportunity to work with film directors like Bharathan, Aravindan, Manirathnam, Bharathi Raja etc.

वी. एस. मूर्ती मद्रास फिल्म संस्था के साउन्ड इन्जीनियर तथा साउन्ड रेकॉर्डिंग के स्नातक हैं। उन्होंने 1967 से 1979 तक रामानाथन तथा वी. पांडूरंगन के साथ काम किया। इस दौरान उन्होंने कन्नड़, तेलेगु तथा तमिल फिल्मों में जी.के. वेंकटेश, राजन नागेन्द्र तथा इलिया राजा की देख-रेख में काम किया। उसके पश्चात् 1980 में वे सुजाता इन्टरनैशनल के साथ युक्त हो गए।

V. S. Murthy after having graduated from Madras Film Institute in Sound Engineering and Sound Recording, worked as an associate with Ramanathan and V. Pandurengan from 1967 to 1979. During this period he also worked for many Kannada, Telugu and Tamil films under the able guidance of G.K. Venkatesh, Rajan Nagendra and Iliya Raja. Later in 1980 he joined Sujatha International.

सर्वोत्तम संपादन पुरस्कार

बी. लेनिन एवं वी.टी. विजयन

संपादक : **बी. लेनिन** और **वी.टी. विजयन** को रजत कमल तथा 10,000/- रुपये का नकद पुरस्कार

प्रशस्ति

सर्वोत्तम संपादन का 1994 का पुरस्कार **बी. लेनिन** एवं **वी.टी. विजयन** को तमिल फिल्म **कादलन** में चमत्कारिक रूप से भाषा-संपादक कर उसे विस्मयकारी ढंग से यथेष्ट समय से तैयार करने, अविश्वासनीय घटनाओं को विश्वासनीय बनाने के लिए दिया गया है।

AWARD FOR THE BEST EDITING

B. LENIN & V.T. VIJAYAN

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 10,000/- to the Editors. **B. LENIN & V.T. VIJAYAN**

Citation

The Award for the Best Editing of 1994 is given to **B. LENIN & V.T. VIJAYAN** for the sheer magic of an editing idiom, cut to perfect timing even at a breath taking pace, in sequences that often make the implausible a plausibility in the Tamil Film **KAADHALAN.**

बी. लेनिन एक पेशेवर फिल्म संपादक तथा निर्देशक हैं। उन्होंने 1988 से कई पुरस्कार प्राप्त किए जिसमें **नक आउट** लघु फिल्म के लिए सर्वोत्तम निर्देशक पुरस्कार भी शामिल है। उनकी कुछ चर्चित फिल्में हैं — **मूनम पक्कम, अमरम, सोबनम,** आदि मलयालम में; **नायकन, अंजली** तमिल में; तेलेगु में **गीतांजली,** तथा टेली फिल्म **कादवु।**

बी. लेनिन ने एम. टी. वासुदेवन नायर, पद्मराजन, प्रताप पोथेन जैसे प्रसिद्ध निर्देशकों की फिल्मों का संपादन किया है। वे फिल्म टैक्नोलॉजी संस्था, मद्रास से भी जुड़े हैं।

B. Lenin is professionally a film editor and also a Director. He has received a number of awards since 1988 including the National Award for the Best Director for short film Knock - out. A few of his award winning films are **Moonam Pakkam, Amaram, Sobanam,** etc in Malayalam, **Nayakan, Anjali** etc. in Tamil, **Geethanjali** in Telugu and a telefilm **Kadavu.**

Lenin has had the opportunity to work with and edit films of reputed directors like M.T. Vasudevan Nair, Padmarajan and Pratap Pothen. He has also been actively associated with the Institute of Film Technology, Madras.

वी. टी. विजयन पिछले 20 सालों से बी. लेनिन के साथ संपादन कर रहे हैं तथा उन्हें तमिलनाडू और केरल के कई पुरस्कार भी मिले हैं। उन्होंने **अग्नि नाटचथिरम** (मनिरत्नम), **लीवालाप्पेरी** (प्रताप पोथेन), **जेन्टलमैन, कादलन** (शंकर) आदि फिल्मों का संपादन किया है।

V.T. Vijayan has had the experience of working as an editor under the renowned B. Lenin for two decades. He is the recipient of many Tamil Nadu and Kerala State Awards. Among the renowned films edited by him are Manirathnam's **Agni Natchathiram,** Pratap Pothen's **Leevalapperi Pandi,** Shankar's **Gentleman, Kadlan** etc.

सर्वोत्तम कला निर्देशन पुरस्कार

साबू सिरिल

कला निर्देशक : **साबू सिरिल** को रजत कमल तथा 10,000/- रुपये का नकद पुरस्कार

प्रशस्ति

सर्वोत्तम कला निर्देशन का 1994 का पुरकार **साबू सिरिल** को मलयालम फिल्म **थेन्माविन कोम्बाथ** में छायांकन सहित सिनेमास्कोप में अनुबद्ध छायांकित रुमानी स्वप्न के लिए उपयुक्त वातावरण प्रस्तुत करने के लिए दिया गया है।

AWARD FOR THE BEST ART DIRECTION

SABU CYRIL

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 10,000/- to the Art Director : **SABU CYRIL**

Citation

The Award for the Best Art Direction of 1994 is given to **SABU CYRIL** for his work in the Malayalam Film **THENMAVIN KOMBATH** for creating an appropriate space for a romantic fantasy in cinemascope in tandem with the cinematography.

साबू सिरिल विज़ुअल कम्युनिकेशन, मद्रास के स्नातक है और एक ग्राफिक डिसाइनर रह चुके हैं। साथ ही वे फिल्मों में विशेष प्रभाव भी देने लगे। 1988 से वे विज्ञापन तथा फिल्मों में कला निर्देशन करने लगे। उन्होंने अब तक कोई 40 विज्ञापन तथा 30 विभन्न भारतीय भाषाओं जैसे हिन्दी, मलयालम, तमिल, तेलेगु, कन्नड़ आदि के फिल्मों में कला निर्देशन किया है। उन्हें सर्वोत्तम कला निर्देशक के साथ-साथ कई और पुरस्कारों से भी सम्मानित किया गया है।



Sabu Cyril graduate in visual communication design from Madras University initially worked as a freelance graphic designer. Simultaneously, he worked on special effects for Videos and Motion pictures. In 1988, he started working as an Art Director for Ad films and feature films. Till date, he has done about 40 Ad films and 30 feature films in various languages like Hindi, Malayalam, Tamil, Telugu and Kannada. Cyril has received the Filmfare Award for the Best Art Director in 1993 alongwith other State Awards.

सर्वोत्तम वेशभूषाकार पुरस्कार

सुप्रिया दासगुप्ता

वेशभूषाकार : **सुप्रिया दासगुप्ता** को रजत कमल तथा 10,000/- रुपये का नकद पुरस्कार

प्रशस्ति

सर्वोत्तम वेशभूषाकार का 1994 का पुरस्कार **सुप्रिया दासगुप्ता** को बंगला फिल्म **आमोदिनी** में 18 वीं शताब्दी के वेशभूषा को सुरुचिपूर्ण ढंग से पुन: तैयार करके बंगला चित्रकारी और संघ की परम्पराओं को जागृत करने के लिए प्रदान किया गया है।

AWARD FOR THE BEST COSTUME DESIGNER

SUPRIYA DASGUPTA

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 10,000/- to the Costume Designer : **SUPRIYA DASGUPTA**

Citation

The Award for the Best Costume Designer of 1994 is given to **SUPRIYA DASGUPTA** for her work in the Bengali Film **AMODINI** for an aesthetic recreation of 18th century costumes, evoking the traditions of Bengali painting and theatre.

सुप्रिया दास गुप्ता कलकत्ता विश्वविद्यालय की स्नातक हैं। वे कुछ वर्ष तक फेडरेशन ऑफ फिल्म सोसाइटीस ऑफइंडिया, कलकत्ता की संपर्क सचिव रह चुकी हैं तथा उन्होंने विभिन्न विदेशी फिल्मों का फिल्म सोसाइटी द्वारा चित्रण के लिए चयन भी किया है। सुप्रिया दास गुप्ता कलकत्ता फिल्म सोसाइटी की संस्थापक सदस्या भी हैं। उन्होंने तान्तीवी प्रेस, लंदन के लिए भारतीय फिल्मोग्राफी पर एक संकलन भी किया है। सुप्रिया एक लघु कहानी लेखक और अनुवादिका है तथा उन्होंने बंगला कथाचित्र **बिलेत-फेरोत** के रंग सज्जा की अभिकल्पना भी की है।

Supriya Das Gupta is a graduate of the Calcutta University. She was for some years liaison Secretary of the Federation of Film Societies of India at Calcutta and selected films from various foreign missions for shows at film societies, besides being a founder - member of the Calcutta Film Society. She has also compiled Indian filmography for the Tantivy Press, London. Supriya is a short story writer and translator. She designed the decor for the Bengali film **Bilet-Pherat.**

सर्वोत्तम संगीत निर्देशन पुरस्कार

रवि (बम्बई) एवं जॉन्सन

संगीत निर्देशक: **रवि (बम्बई) एवं जॉन्सन** को रजत कमल तथा 10,000/- रुपये का नकद पुरस्कार

प्रशस्ति

सर्वोत्तम संगीत निर्देशन का 1994 का पुरस्कार **रवि** (बम्बई) को मलयालम कथाचित्र **सुकृतम्** और **परिनयम** को मधुर धुनों से संवारने और जॉन्सन को **सुकृतम्** में पार्श्व संगीत देने के लिए दिया गया है। इन दोनों फिल्में में संगीत की मौलिकता और सम्पूर्ण भावों की विशेषताओं को नए रूप में प्रस्तुत किया गया है।

AWARD FOR THE BEST MUSIC DIRECTION

RAVI (BOMBAY) and JOHNSON

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 10,000/- to the Music Directors : **RAVI** (Bombay) and **JOHNSON**

Citation

The Award for the Best Music Director of 1994 is given to **RAVI** (Bombay) for his melodious rendering of his tunes in the Malayalam Films **SUKRUTHAM** and **PARINAYAM** and **JOHNSON** for scoring the background Music in **SUKRUTHAM.** The music in both of these films exhibit originality and creatively highlights the entire mood of the two films, achieving musical harmony.

रवि (बम्बई) का पूरा नाम रवि शंकर शर्मा है। उन्होंने 1948 में दिल्ली आकशवाणी से गायन आरंभ किया। 1950 में वे पार्श्व गायक बनने बम्बई पहुँचे। उन्होंने संगीत निर्देशन में हेमन्त कुमार का सहयोग किया। उनकी अपनी प्रथम फिल्म थी **वचन** जिसके पश्चात् अब तक वे करीब 200 फिल्मों में संगीत निर्देशन कर चुके हैं जिनमें हिन्दी, उर्दू, पंजाबी, कन्नड़, तेलेगु, भाषाएं प्रमुख हैं।
रवि को 1961 से कई पुरस्कार मिल चुके हैं तथा 1971 में उन्हें भारत सरकार ने पद्मश्री पुरस्कार से भी सम्मानित किया।

Ravi (Bombay) was originally named Ravi Shankar Sharma. He began singing from All India Radio, Delhi in 1948. In 1950, he come to Bombay to become a playback singer. Initially he worked as an assistant to Hemant Kumar. His first film as a Music Director was **Vachan**. Till date Ravi has composed music for about 200 films in various languages like Hindi, Urdu, Punjabi, Kannada, Telugu, etc. Ravi received the 'Padamshri' award in the year 1971. Since 1961 he has received many filmfare and other awards.

जॉनसन ने अब तक 200 से ऊपर फिल्मों में संगीत निर्देशन किया है। उन्होंने संगीत निर्देशन का कार्य **प्रेमागीतम** फिल्म से आरंभ किया थी। उनके सौजन्य से कई पार्श्व गायक-गायिकाओं को पुरस्कार प्राप्त हुए। उन्हें भी मलयालम में सर्वोत्तम संगीत निर्देशन का राज्य पुरस्कार मिला है।

Johnson has scored music for more than 200 films till now. He made his debut with **Premageetham**. He has been instrumental for several singers to get State Awards for playback singing. He has also received the State Award for Best Music Director in Malayalam.

सर्वोत्तम गीत पुरस्कार

वैरामुथु

गीतकार : **वैरामुथु** को रजत कमल तथा 10,000/- रुपये का नकद पुरस्कार

प्रशस्ति

सर्वोत्तम गीतकार का 1994 का पुरस्कार **वैरामुथु** को तमिल फिल्म **कारुथम्मा** में उनके गीत **पोराले पोन्नुथायी** और तमिल फिल्म **पवित्र** में **उडलम नीये, उरियम नीये** के लिए प्रदान किया गया है। अपने गीतों के माध्यम से वे गीतमय भावों को अपने भरपूर खजाने से प्रस्तुत करने में सफल हुए हैं जो फिल्म के भावों को अत्याधिक संवेदनशीलता से आगे बढ़ाता है।

AWARD FOR THE BEST LYRICS

VAIRAMUTHU

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 10,000/- to the Lyricist : **VAIRAMUTHU**

Citation

The Award for the Best Lyrics of 1994 is given to **VAIRAMUTHU** for his lyrics **PORALE PONNUTHAYI** in the Tamil Film **KARUTHAMMA** and **UDALUM NEEYE, URIYUM NEEYE** in the Tamil Film **PAVITHRA.** Through their lyrics he is able to bring to the fore his rich repertory of poetic expression which sensitively enhances the mood of the films.

वैरामुथु को बचपन से ही कविताओं का शौक था। सुब्रमनियम भारती तथा भारतीदासन से प्रेरणा प्राप्त कर वैरामुथु की अब तक 24 किताबें प्रकाशित हो चुकी हैं। उनके प्रभावशाली लेखन एवं कविताओं के लिए उन्हें कई पुरस्कार भी मिले हैं। भारतीराजा ने पहली बार उन्हें तमिल फिल्मों में 1980 में काम करने का अवसर दिया। 1985 में वैरामुथु को सर्वोत्तम गीतकार का राष्ट्रीय पुरस्कार मिला। तमिल वलार्ची मंड्रम ने उन्हें '**काव्यरसु**' (कवियों के राजा) की उपाधि से नवाजा। अब तक वे 3000 से ऊपर गीत लिख चुके हैं।

Vairamuthu had the love for poetry from a very tender age. Inspired by Shri Subramaniam Bharathi and Bharathidasan he has till date published 24 books on innumerable essays, novels and short stories. His commendable and virile prose styles and good incandescent peotry have earned him many awards. Bharathiraja introduced Vairamuthu to Tamil Film in 1980. In 1985 he was conferred the National Award for Best Lyrics. He was also conferred the title **'Kaviyarasu'** (King of poets) by the Tamil Valarchi Mandram, Madras. So far he has composed 3000 lyrics.

निर्णायक मंडल का विशेष पुरस्कार

(स्व) राधु कर्मकार एवं शाजी एन. करुण

(स्व) राधु कर्मकार (परम वीर चक्र) एवं **शाजी एन. करुण** (स्वहम्) को रजत कमल तथा 25,000/- रुपये का नकद पुरस्कार

प्रशस्ति

निर्णायक मंडल का 1994 का विशेष पुरस्कार कैमरामैन **(स्व) राधु कर्मकार** को हिन्दी फिल्म **परमवीर चक्र** को और भारतीय फिल्म इतिहास के सबसे अधिक स्मरणीय क्षणों की रचना करने में जीवनकाल उपलब्धि की सराहना और निर्देशक **शाजी एन. करुण** को मलयालम फिल्म **स्वहम** में भारतीय सिनेमा के एक अत्याधिक विशिष्ट निर्देशक को प्रदान किया गया है, जो परिवार में रिक्त को संवेदनशीलता से भरने की कोशिश करते हैं जबकि उसके पूरक पात्र की मृत्यु हो जाती है।

SPECIAL JURY AWARD

(LATE) RADHU KARMAKAR and SHAJI N. KARUN

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 25,000/- to : (Late) **RADHU KARMAKAR** (for **PARAM VIR CHAKRA**) and **SHAJI N. KARUN** (for **SWAHAM**)

Citation

The Special Jury Award of 1994 is given to the Cameraman (Late) **RADHU KARMAKAR** in the Hindi Film **PARAM VIR CHAKRA,** and in appreciation of a lifetime achievement in creating some of the most memorable moments in Indian film history and to the Director **SHAJI N. KARUN** in the Malyalam Film **SWAHAM** for one of the most outstanding directors of Indian Cinema, for sensitively probing the vaccuum created in a family, when its central pivot is lost in death.

(स्व) **राधु कर्मकार** एक मशहूर कैमरामैन थे जिन्होंने राज कपूर की **आवरा** से लेकर सभी फिल्मों में काम किया।

(Late) Shri Radhu Karmakar was a legendary camerman who had worked with Mr. Raj Kapoor in all of his films since **Awara**.

शाजी एन. करून फिल्म तथा टेलीविजन संस्थान, पुणे के स्नातक हैं। उन्हें निर्देशन और पटकथा लेखन के लिए कई राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त हैं जिनमें सर चार्ली चैपलिन ईस्टमैन कोडैक पुरस्कार और अपनी पहली फिल्म **पिरवी** के निर्देशन के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार भी शामिल हैं।

Shaji N. Karun is a graduate from Film and Television Institute of India. As a cinematographer and Director, he has won several State, National and International Awards including Sir Charlie Chaplin Eastman Kodak Award and the National Best Director for his first debut film **Piravi**.

सर्वोत्तम विशेष प्रभाव पुरस्कार

सी. मुरुगेश एवं एस. टी. वेंकी

प्रभाव सृजक: **सी. मुरुगेश एवं एस. टी. वेंकी** को रजत कमल तथा 10,000/– रुपये का नकद पुरस्कार

प्रशस्ति

सर्वोत्तम विशेष प्रभाव का 1994 का पुरस्कार **सी. मुरुगेश** और **एस. टी. वेंकी** को तमिल फिल्म **कादलन** के लिए नए रूप में रचित बहुत सी दर्शनीय घटनाओं को प्रदर्शित करने के लिए प्रदान किया गया है।

AWARD FOR THE BEST SPECIAL EFFECTS

C. MURUGESH & S.T. VENKI

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 10,000/- to the Creators : **C. MURUGESH & S.T.VENKI**

Citation

The Award for the Best Special Effects of 1994 is given to **C. MURUGESH & S.T.VENKI** in recognition of the many spectacular sequences creatively engineered for the Tamil Film **KAADHALAN.**

सी. मुरूगेश मद्रास में रहते हैं और उन्होंने 600 से अधिक फिल्मों में विशेष प्रभाव दिए हैं जो मलयालम, तमिल तथा तेलेगु भाषाओं में बनी हैं।

C. Murugesh is based in Madras and has more than 600 films to his credit. They include films in Malayalam, Tamil and Telugu languages.

एस. टी. वेन्की मद्रास से कला के पोस्ट ग्रेजुएट हैं तथा वे 10 साल से एनिमेशन, ऑप्टिकल और कमप्यूटर ग्राफिक्स का काम कर रहे हैं। इन दिनों वे फिल्मों में विशेष प्रभाव देते हैं। उनको कुछ फिल्में हैं— **अंजली, जेन्टलमैन, भैरवा, द्वीपम,** आदि।

S.T. Venki did his Post Graduation in Fine Arts from Madras. He has 10 years of experience in Animation, Optical and Computer graphics and is presently occupied in Special Visual Effects. A few films for which he has executed Special Effects are **Anjali, Gentleman, Bhairava Dweepam** etc.

सर्वोत्तम नृत्य संयोजन पुरस्कार

जय बोराडे

नृत्य संयोजक : **जय बोराडे** को रजत कमल तथा 10,000/- रुपये का नकद पुरस्कार

प्रशस्ति

सर्वोत्तम नृत्य संयोजन का 1994 का पुरस्कार **जय बोराडे** को हिन्दी फिल्म **हम आपके हैं कौन** में शालीन और भावपूर्ण मोहक नृत्यकला समकालीन और भारतीय संस्कृति की प्रथाओं को निभाने में परम्परानुकूल होने के लिए प्रदान किया गया है।

AWARD FOR THE BEST CHOREOGRAPHY

JAY BORADE

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 10,000/- to the Choreographer : **JAY BORADE**

Citation

The Award for the Best Choreographer of 1994 is given to **JAY BORADE** for his work in the Hindi Film **HUM AAPKE HAIN KOUN** for a graceful and aesthetically pleasing choreography, contemporary and yet traditional in its adherences to Indian cultural practices.

जय बोराड़े ने अपने 58 वर्ष की आयु में 13 वर्ष भारतीय नौसेना में टेलीग्राफिस्ट का काम किया और 1962 की गोआ ऑपरेशन में पदक भी प्राप्त किया। 1970 में उन्होंने फिल्मों में प्रवेश किया और (स्व) सूर्य कुमार जी, (स्व) कमल जी और विजय के सहायक बनकर नृत्य संयोजक में महारत हासिल की। अब वे एक माने हुए नृत्य संयोजक हैं और उनकी प्रसिद्ध फिल्मों में **लव इन गोआ, मैंने प्यार किया** आदि शामिल हैं।

Jay Borade 58 years old, has served the Indian Army as a leading Telegraphist for 13 years since 1952 and also earned a war medal in Goa Operation in 1962. He joined the Indian Motion Pictures in 1970. Having the privilege of working as an assistant to top dance directors like Late Shri Surya Kumar, Late Shri Kamalji and Vijay for more than a decade, Jay Borade is now one of the leading choreographers in the country today. He has choreographed in films like **Love in Goa, Maine Pyar Kiya** and many others.

सर्वोत्तम असमिया कथाचित्र पुरस्कार

हागोरोलोई बोहू दूर

निर्माता: **शैलाधर बरुआ एवं जाहू बरुआ** को रजत कमल तथा 20,000/-रुपये का नकद पुरस्कार

निर्देशक : **जाहू बरुआ** को रजत कमल तथा 10,000/-रुपये का नकद पुरस्कार

प्रशस्ति

सर्वोत्तम असमिया कथाचित्र का 1994 का पुरस्कार असमिया फिल्म **हागोरोलोई बहु दूर** को फिल्म निर्माता की योग्यता के लिए प्रदान किया गया है जिसमें उन्होंने छोटे पर्दे पर जटिल कथानक को प्रेरक, संयमित और अत्यधिक संवेदनशील पात्रों के माध्यम से बखूबी प्रस्तुत किया है।

AWARD FOR THE BEST FEATURE FILM IN ASSAMESE

HKHAGOROLOI BOHU DOOR

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 20,000/- to the Producers : **SAILADHAR BAROOAH & JAHNU BARUA**

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 10,000/- to the Director : **JAHNU BARUA**

Citation

The Award for the Best Feature Film in Assamese of 1994 is given to **HK HAGOROLOI BOHU DOOR** for the filmmaker's ability to tell a complex tale with a minimal canvas, handling the medium with control, restraint and extraordinary sensitivity.

शैलाधर बरूआ एक सामाजिक कार्यकर्ता, खेल प्रेमी होने के साथ ही भवन निर्माण क्षेत्र के व्यापारी भी हैं। उन्होंने जाह्नु बरूआ के साथ मिलकर **पापोरी, हलोधिया चोराए बाओधन खाई** तथा **फिरिंगोती** जैसी फिल्मों का निर्माण किया। उनकी सभी फिल्मों को कोई न कोई पुरस्कार अवश्य मिले हैं। **हलोधिया चोराए बाओधन खाई** को स्वर्ण कमल के साथ ही कई अंतर्राष्ट्रीय पदक भी प्राप्त हुए हैं।

Sailadhar Barooah a construction business man has been a constant promoter of Arts, Culture and sports in Assam. He and Jahnu Barua have together so far produced four feature films including **Papori, Halodhia Choraye Baodhan Khai** and **Firingoti**. All of their films apart from having figured in National Awards and Indian Panorama, have been internationally acclaimed. **Halodhia Choraye Baodhan Khai,** a winner of Swarna Kamal, has also won many international awards and recognitions.

जाह्नु बरुआ फिल्म एवं टेलीविजन संस्था के स्नातक हैं। उनकी प्रथम कथाचित्र **अपरूपा** (असमिया) को 1983 का राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त हुआ था। **पापोरी** और **हलोधिआ चोराए बाओधन खाई** भी सराहनीय थी। **हालोधिआ चोराए बाओधन खाई** को 1988 के राष्ट्रीय फिल्म समारोह में स्वर्ण कमल तथा लोकार्नो अंतराष्ट्रीय फिल्म समारोह में रजत पदक प्राप्त हुआ था। 1989 में टोकियो फिल्म समारोह में इस फिल्म को सर्वोत्तम एशियाई फिल्मों में दर्शाया गया था। 1990 में जाह्नु ने **बनानी** और उसके बाद **फिरिंगोती** बनाई। **फिरिंगोती** को 1992 में रजत कमल मिला। फिल्मों से पहले वे भारतीय अन्तरिक्ष अनुसंधान संगठन में काम करते थे। वे आजकल ज़ेवियर इनस्टिट्यूट ऑफ कम्यूनिकेशन, बम्बई में सिनेमा विषय को पढ़ाते भी हैं।

Jahnu Barua is a graduate in Film Direction from Film and Television Institute of India. His first feature has been **Aparoopa** film which won the National Award in 1983. His other film include **Papori** and **Halodhia Choraye Baodhan Khai** (The Catastrophe). The latter won him the Swarna Kamal at the National Film Festival, 1988 and Silver Leopard at the Locarno International Film Festival, 1988. It was also in the Best of Asia Section of the Tokyo International Film Festival, 1989. He has also made **Banani** (The Forest) in 1990. Then he made **Firingoti** (The Spark) which has also won him the Rajat Kamal at the National Film Festival, 1992. Before making feature films, Jahun Barua worked in the Indian Space Research Organisation (ISRO) making educational programmes for Satellite Television. He also teaches Cinema at the Xavier Institute of Communciations, Bombay.

सर्वोत्तम बंगला कथाचित्र पुरस्कार

अमोदिनी

निर्माता : **एन. एफ. डी. सी.** एवं **दूरदर्शन** को रजत कमल तथा 20,000/- रुपये का नकद पुरस्कार

निर्देशक : **चिदानन्द दास गुप्ता** को रजत कमल तथा 10,000/- रुपये का नकद पुरस्कार

प्रशस्ति

सर्वोत्तम बंगला कथाचित्र का 1994 का पुरस्कार **आमोदिनी** को 18वीं शताब्दी में बंगला के क्रांतिकालीन जटिल सामाजिक संबंधों के चित्रण, कैमरे की गतिविधियों दृश्य-सज्जा सहित अभिनय कौशल प्रस्तुत करने के लिए प्रदान किया गया है।

AWARD FOR THE BEST FEATURE FILM IN BENGALI

AMODINI

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 20,000/- to the Producers : **N.F.D.C.** and **DOORDARSHAN**

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 10,000/- to the Director : **CHIDANANDA DASGUPTA**

Citation

The Award for the Best Feature Film in Bengali of 1994 is given to **AMODINI** for a stylised and innovative period rendition of complex social relations in 18th century Bengal, integrating performance with camera movements and mise en scene.

चिदानन्द दासगुप्ता सिनेमा, साहित्य और सामाजिक विषयों के माने हुए लेखक हैं। उन्होंने 1974 में कलकत्ता फिल्म सोसाइटी की स्थापना की थी और उससे पहले 1960 में सत्यजीत रे से साथ फेडरेशन ऑफ फिल्म सोसाइटी की स्थापना की थी।

उन्होंने अपना जीवन 1945 में अंग्रेजी के अध्यापक से आरंभ किया था और 50 साल के कई नए कारनामों के बाद अंत में टेलिग्राफ अखबार के कला संपादक बने। उन्होंने कई गैर-कथाचित्र और दो कथाचित्रों का निर्देशन किया तथा विभिन्न अखबारों एवं पत्रिकाओं में 2000 से अधिक लेख लिखे। वे अंतर्राष्ट्रीय फिल्म फेडरेशन के सदस्य है तथा उसी के भारतीय अंक के अध्यक्ष हैं।

चिदानन्द दासगुप्ता 1987 के सर्वोत्तम फिल्म समीक्षक का राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त कर चुके हैं।

Chidananda Das Gupta who has been writing on Cinema, literature and social issues since the midforties had founded the Calcutta Film Society in 1974 and also the Federation of Film Societies in 1960 with Satyajit Ray.

Starting his career as a Lecturer in English, in 1945 he finally became the Arts Editor in the Telegraph, after having achieved many feats within about 50 years. He has made several documentaries and two full length feature films. Some 2000 articles of his have been published in newspapers, periodicals and academic journals in India and abroad.

He is the member of the International Federation of Film Critics and is the President of its Indian Chapter.

Chidananda Dasgupta was the recipient of the National Award for the Best Film Critic in 1987.

सर्वोत्तम हिन्दी कथाचित्र पुरस्कार

मम्मो

निर्माता : **राष्ट्रीय फिल्म विकास निगम लि.** एवं **दूरदर्शन** को रजत कमल तथा 20,000/-रुपये का नकद पुरस्कार

निर्देशक : **श्याम बेनेगल** को रजत कमल तथा 10,000/-रुपये का नकद पुरस्कार

प्रशस्ति

सर्वोत्तम हिन्दी कथाचित्र का 1994 का पुरस्कार मम्मो को उस परिवार की मर्मस्पर्शी कहानी के लिए प्रदान किया गया है जिसमें विभाजन के बाद भारत में प्रवासी नागरिकों के मानसिक आघातों को दर्शाया गया है।

AWARD FOR THE BEST FEATURE FILM IN HINDI

MAMMO

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 20,000/- to the Producers : **N.F.D.C. & DOORDARSHAN**

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 10,000/- to the Director : **SHYAM BENEGAL**

Citation

The Award for the Best Feature Film in Hindi of 1994 is given to **MAMMO** for a poignant narrative of a family set against the trauma of exiled peoples in past post partition India.

श्याम बेनेगल, जिन्हें भारत सरकार ने पद्मश्री तथा पद्म भूषण से सम्मानित किया, ने लगभग 20 कथाचित्र, कई गैर - कथाचित्र और कुछ टेलीविज़न धारावाहिकों का निर्माण किया है। विज्ञापन क्षेत्र में लम्बे समय के बाद, उन्होंने 1974 में अपनी पहली फिल्म **अंकुर** का निर्देशन किया। उनकी प्रसिद्ध फिल्मों में कुछ हैं **निशांत, मंथन, भूमिका, सत्यजीत रे, अंतरनाद,** आदि।

Shyam Benegal, the recipient of Padma Shri and Padma Bhusan, two of India's most prestigious award, has about 20 feature films in addition to television serials and documentaries to his credit. After pursuing a long career in advertising, his directorial debut came with the film **Ankur** in 1974. Among his renowned films are **Nishant, Manthan, Bhumika, Satyajit Ray, Antarnaad** etc.

सर्वोत्तम कन्नड़ कथाचित्र पुरस्कार

कोट्टेरेशी कानासु

निर्माता : **जी नन्दकुमार को** को रजत कमल तथा 20,000/-रुपये का नकद पुरस्कार

निर्देशक : **नागाथीहल्ली चन्द्रशेखर** को रजत कमल तथा 10,000/-रुपये का नकद पुरस्कार

प्रशस्ति

सर्वोत्तम कन्नड़ कथाचित्र का 1994 का पुरस्कार **कोट्टेरेशी कानासु** को कर्नाटक के देहातों में जातिवाद के कारण होने वाले अन्याय के प्रति संघर्षरत युवा हरिजन बालक की साधारण लेकिन प्रभावशाली कहानी के लिए प्रदान किया गया है।

AWARD FOR THE BEST FEATURE FILM IN KANNADA

KOTTRESHI KANASU

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 20,000/- to the Producer : **G. NANDAKUMAR**

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 10,000/- to the Director : **NAGATHIHALLI CHANDRA SHEKARA**

Citation

The Award for the Best Feature Film in Kannada of 1994 is given to **KOTTRESHI KANASU** for a simple but effective tale of young harijan boy fighting caste injustice in rural Karnataka.

जी. नन्दकुमार ने अपनी जीविका एक सिविल कॉनट्रैक्टर के रूप में आरम्भ किया। बाद में वे ग्रनाइट के निर्यात एवं ज़मीन-जायदाद के व्यवसाय में जुट गए। उनकी सामाजिक कल्याण कार्यों में रूचि के साथ ही वे फिल्मों के सह-निर्माता भी बने। उनकी फिल्म **चिन्नारी मुथा** को 1993 में सर्वोत्तम प्रादेशिक फिल्म का राष्ट्रीय पुरस्कार मिला। इस फिल्म को अंतर्राष्ट्रीय ख्याती भी प्राप्त हुई जिससे प्रभावित होकर नन्दकुमार ने **कोट्टरेशी कनासु** का निर्माण अकेले किया।

G. Nandakumar started his career as a civil contractor, later became a granite exporter and promoter of real estates. Other than having a niche for social work by encouraging and inspiring the poor, he entered the film world as a co-producer of **Chinnari Mutha** in 1993 which won the National Award for the Best Regional Film. The film has also been acclaimed internationally. Inspired by the success, he stepped up as an independent producer and made **Kottreshi Kanasu**.

नागाथीहल्ली चन्द्रशेकरा साहित्य के पोस्ट ग्रेजुएट होने के साथ कॉलेज के अध्यापक तथा कन्नड़ के लेखक भी हैं। उन्होंने 7 किताबे और बहुत सी लघु कहानियाँ लिखी हैं तथा वे फिल्मों के पटकथा लेखक, सम्वाद लेखक, गीतकार तथा निर्देशक भी हैं। उन्होंने पर्यावरण पर 3 लघु चित्र तथा दूरदर्शन के लिए कई कार्यक्रम बनाए हैं। उन्हें **सक्रांति** तथा **उन्दुहोदा कोन्दुहोदा** के लिए राज्य सरकार का सर्वोत्तम कहानी का पुरस्कार तथा **उद्भाव** के लिए सर्वोत्तम सम्वाद का फिल्मफेयर पुरस्कार प्राप्त हुआ है।

Nagathihalli Chandrasekara, a post graduate in literature, is a college lecturer and a prolific writer in Kannada with 7 books and scores of short stories to his credit. His involvement in feature films cover screenplay, dialogues, lyrics and direction. He has directed 3 short films on environment and a number of TV programmes. He has received the State Award for Best Story for films **Sankranthi** and **Unduhoda Konduhoda**, and Filmfare Award for best dialogues for film **Udbhava**.

सर्वोत्तम मलयालम कथाचित्र पुरस्कार

सुकृतम्

निर्माता : **एम. एम. रामचन्द्रन** को रजत कमल तथा 20,000/-रुपये का नकद पुरस्कार

निर्देशक : **हरिकुमार** को रजत कमल तथा 10,000/-रुपये का नकद पुरस्कार

प्रशस्ति

सर्वोत्तम मलयालम कथाचित्र का 1994 का पुरस्कार **सुकृतम्** को दिया गया है। इसमें आसन्न मृत्यु, बेमेल-विवाह और सामाजिक संबंधों/कुरीतियों को पृष्ठभूमि में उभारा गया है।

AWARD FOR THE BEST FEATURE FILM IN MALAYALAM

SUKRUTHAM

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 20,000/- to the Producer : **M.M. RAMACHANDRAN**

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 10,000/- to the Director : **HARI KUMAR**

Citation

The Award for the Best Feature Film in Malayalam of 1994 is given to **SUKRUTHAM.** Against the backdrop of impending death, complex marital and social relationships are explored.

एम. एम. रामचंद्रन ने कमर्शियल बैंक ऑफ कुवैत की नौकरी छोड़कर एटलस जुवेलरी ग्रुप की स्थापना की जिसके कुवैत, दुबई तथा न्यूयॉर्क में कई शोरूम हैं। रामाचंद्रन द्वारा निर्मित प्रथम कथाचित्र **वैशाली**, जिसका निर्देशन भारतन् ने किया था, को 1988 में कई पुरस्कार प्राप्त हुए। 1990 से रामाचंद्रन ने फिल्म वितरन का व्यवसाय आरंभ कर दिया है।

M.M. Ramachandran after leaving a banking career with Commercial Bank of Kuwait established the reputed Atlas Jewellery Group which has several show-rooms in Kuwait, Dubai, and New York. His maiden venture in films was 'Vaisali', directed by Bharathan which won many awards at state and national levels in 1988. He later started distribution of films in 1990.

हरिकुमार एक उभरते हुए निर्देशक हैं जिन्होंने मलयालम में 9 कथाचित्रों और कई गैर कथाचित्रों के निर्देशन किए हैं। **स्नेहपूर्वम् मीरा, जालाकम्, आयानम्** उनकी कुछ मानी हुई फिल्म हैं। हरिकुमार 1992 में राज्य फिल्म पुरस्कार मण्डल के सदस्य भी रह चुके हैं।

Harikumar the young talent of Malayalam film has to his credit 9 feature films and several documentries. A few of his notable films are **Snehapoorvam Meera, Jalakam, Ayanam** etc. He was the Jury member of the State Film Award Committee in 1992.

सर्वोत्तम मणिपुरी कथाचित्र पुरस्कार

मायोफी गी माचा

निर्माता : **थौयांगबा** एवं **थौंगाम्बा** को रजत कमल तथा 20,000/-रुपये का नकद पुरस्कार

निर्देशक : **ओकेन आमाक्चम** को रजत कमल तथा 10,000/-रुपये का नकद पुरस्कार

प्रशस्ति

सर्वोत्तम मणिपुरी कथाचित्र का 1994 का पुरस्कार **मायोफी गी माचा** को मणिपुरी ग्रामीण जीवन-शैली के सरल कथानक के लिए प्रदान किया गया है जिसमें पात्रों का चित्रण नियंत्रित रुप से दक्षतापूर्ण किया गया है।

AWARD FOR THE BEST FEATURE FILM IN MANIPURI

MAYOPHY GEE MACHA

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 20,000/- to the Producers : **THOUYANGBA & THOUNGAMBA**

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 10,000/- to the Director : **OKEN AMAKCHAM**

Citation

The Award for the Best Feature Film in Manipuri of 1994 is given to **MAYOPHY GEE MACHA** as a simple story of rural life in Manipuri handled with a deft mastery over the medium.

थौयांगबा ने मणिपुर की प्रथम कथाचित्र **उरित नपांगबी** तथा उसके बाद **लाइधी लुबक** का निर्माण किया। निर्माता होने के साथ उन्होंने कई पुस्तकों का भी प्रकाशन किया है जिनमें साँप एवं कुत्ते के काटने पर घरेलू दवाइयों का विवरण है। उन्होंने पुरानी मेईतेई हस्तलिपि का उद्‌वाचन तथा प्रकाशन भी किया है।

Thouyangba is the first producer of Manipuri Video Feature Film **Urit Napangbi** followed by **Laidhi Lubak**. Other than a producer he has published books on indigenous treatment of snake-bite, dog-bite etc., deciphered and published ancient Meitei Scripture.

थौगंम्बा मणिपुरी कथाचित्र **उरित नपांगबी** के सह निर्माता होने के साथ ही उसके संगीत निर्देशक भी हैं। वे आकाशवाणी इम्फाल के परिचित गायक हैं तथा उनके गीतों की ऑडियो कैसेट भी बनी है। वे कई कथाचित्रों एवं विडियो फिल्मों के संगीत निर्देशक तथा पार्श्व गायक रह चुके हैं।

Thoungamba, the co-producer of the first Manipuri Video feature film **Urit Napangbi** was also the Music Director of the film. He is an approved artist of AIR Imphal and has produced an Audio Cassette. He has been the Music Director and also a playback singer in many Video and feature films.

ओकेन आमक्‌चेम गायन में संगीत विशारद है और कई नाटक एवं फिल्मों में निर्देशक, संगीत निर्देशक और मुख्य अभिनेता के रुप में काम कर चुके हैं। उनके द्वारा निर्देशित कथाचित्र **खोनथांग** 1993 के अंतर्राष्ट्रीय फिल्म समारोह में प्रदर्शित हुई तथा उसे इण्डियन पैनोरामा में भी शामिल किया गया। उन्होंने कई नाटक तथा विडियो रूप में 7 कथाचित्रों का निर्देशन किया है। उन्होंने 500 से अधिक मणिपुरी गानों का संगीत निर्देशन किया है।

Oken Amakcham, a Sangeet Visharad in vocal has worked in many theatre and film projects in the capacity of Director, Music Director, lead character etc. His directed feature film **Khonthang** was selected in the Indian Panorama and also participated in the International Film Festival of India in 1993. He has directed and produced many plays and also directed seven Manipuri feature films in video format. He has composed music for more than 500 Manipuri modern songs.

सर्वोत्तम तमिल कथाचित्र पुरस्कार

नामावर

निर्माता : **बी. वेन्कटरामा रेड्डी** को रजत कमल तथा 20,000/-रुपये का नकद पुरस्कार

निर्देशक : **के. एस. सेथुमाधवन** को रजत कमल तथा 10,000/-रुपये का नकद पुरस्कार

प्रशस्ति

सर्वोत्तम तमिल कथाचित्र का 1994 का पुरस्कार **नामावर** को कालेज प्राध्यापक की व्यावसायिक रुप से संजोई गई कहानी के लिए प्रदान किया गया है जो विद्यार्थियों के क्रोधावेश का सामना करता है । इस फिल्म की विशेषता है विभिन्न पात्रों का प्रभावशाली अभिनय ।

AWARD FOR THE BEST FEATURE FILM IN TAMIL

NAMMAVAR

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 20,000/- to the Producer : **B. VENKATRAMA REDDY**

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 10,000/- to the Director : **K.S. SETHUMADHAVAN**

Citation

The Award for the Best Feature Film in Tamil of 1994 is given to **NAMMAVAR** for a professionally assembled tale of a college professor who encounters student violence, marked by several impressive performances.

बी. वेंकटरामा रेड्डी कला के स्नातक है और पेशे से एक फिल्म निर्माता हैं। उनके द्वारा निर्मित फिल्मों में **बृंदावनम्, उज़ईपाल्रि, कारुपुवेल्लई** आदि सुपरिचित हैं।

B. Venkatrama Reddy an Arts Graduate, is by profession a Film Producer. He has produced a number of films like **Brindavanam, Uzhaippali, Karupuvellai** etc.

के. एस. सेथुमाधवन ने अब तक 60 फिल्मों का निर्देशन किया है जो विभिन्न भाषाओं में निर्मित हैं जैसे हिन्दी, मलयालम, तमिल, सिन्हाली, कन्नड़ तथा तेलेगु। उनकी फिल्म **मारूपक्कम** को 1991 में स्वर्ण कमल पुरस्कार प्राप्त हुआ था। इसके अलावा भी उन्हें कई पुरस्कार प्राप्त हुए हैं। वे 1976 से 1980 तक राष्ट्रीय पुरस्कार के निर्णायक मण्डल के सदस्य थे तथा 1982 में केरेला राज्य फिल्म पुरस्कार समिति के अध्यक्ष थे।

K.S. Sethumadhavan has till date directed more than 60 pictures in various languages like Malayalam, Tamil, Sinhalese, Hindi, Kannada & Telugu. His film **Marupakkam** won the Swarna Kamal in 1991. Other than this, he is the recipient of a number of other awards. He was the member of the jury for National Awards in 1976 and 1980 and was also the Chairman of the Jury for Kerala State Film Awards Committee in 1982.

सर्वोत्तम अंग्रेजी कथाचित्र पुरस्कार

(संविधान की आठवीं अनुसूची में विनिर्दिष्ट भाषाओं के अलावा प्रत्येक भाषा में सर्वोत्तम कथाचित्र पुरस्कार)

इंगलिश अॅगस्ट

निर्माता : **अनुराधा पारिख** को रजत कमल तथा 20,000/-रुपये का नकद पुरस्कार

निर्देशक : **देव बेनेगल** को रजत कमल तथा 10,000/-रुपये का नकद पुरस्कार

प्रशस्ति

सर्वोत्तम अंग्रेजी कथाचित्र का 1994 का पुरस्कार **इंगलिश अॅगस्ट** को सिनेमा कौशल और मूल कार्य का कुशलतापूर्वक मिलन करके जटिल और अत्याधिक प्रसिद्ध नॉवल का प्रयोग करने, भारतीय सिनेमा के समकालीन विशिष्ट अनुवाद के लिए प्रदान किया गया है।

AWARD FOR THE BEST FEATURE FILM IN ENGLISH

(Best Feature Film in a language other than those specified in Schedule VIII of the Constitution)

ENGLISH AUGUST

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 20,000/- to the Producer : **ANURADHA PARIKH**

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 10,000/- to the Director : **DEV BENEGAL**

Citation

The Award for the Best Feature Film in English of 1994 is given to **ENGLISH AUGUST** for adapting a complex and highly applauded novel with a cinematic skill and mastery matching the original work, a translation unusual in contemporary Indian Cinema.

अनुराधा पारिख ने आर्किटेक्चर की शिक्षा रोड आइलैंड स्कूल ऑफ डिसाइन से प्राप्त की। उन्होंने कई प्रयोजनाओं में काम किया – वेद सेगान और एसोसिएट्स, चार्ल्स कोरया और एसोसिएट्स, विस्तारा तथा डिस्कवरी ऑफइण्डिया आदि। अनुराधा ने **अजूबा** फिल्म के शीर्षक का डिजाइन तथा **अनन्तपुरम्** के निर्माण का डिजाइन किया।

Anuradha Parikh, a practising architect, graduated from the Rhode Island School of Design. She has worked on projects with architects Ved Segan & Associates, Charles Correa & Associates, on Vistara — the Architecture of India and on the Discovery of India Project as Architectural Assistant. Her work for films include the main-title design for **Ajooba** and production design for a few films like **Anantapuram** etc.

देव बेनेगल ने कई साल श्याम बेनेगल के सहायक के रूप में काम मिया। इस दौरान उन्होंने कई कथाचित्र तथा सत्यजीत रे पर बनी 2 घंटे की एक गैर-कथाचित्र से अनुभव प्राप्त किया। उसके पश्चात् देव बेनेगल ने स्वतंत्र रूप से कई पुरस्कृत गैर-कथाचित्रों का निर्माण एवं निर्देशन किया है जिसमें **अनन्तपुरम्, कल्पवृक्ष, अभिवर्दन, फील्ड ऑफ शैडोज़** प्रमुख हैं।
इंगलिश अॅगस्ट देव बेनेगल की प्रथम कथाचित्र है।

Dev Benegal after working with the leading independent film-maker Shyam Benegal on his features and also a two hour long documentary on Satyajit Ray, has produced and directed a few award winning documentaries since 1985 like **Anantapuram, Kalpavriksha, Abhivardan, Field of Shadows** etc.
English August is Dev's first feature film.

विशेष उल्लेख

महेश (नामावर), बिष्णु खारगोरिया (हागोरोलोइ बोहु दूर) एवं एस. कुमार (परिनयम)

प्रशस्ति

विशेष उल्लेख का 1994 का पुरस्कार **महेश** (संगीत निर्देशक) को तमिल कथाचित्र **नामावर** को अपने मधुर संगीत से संजोकर, अभिन्न अंग के रुप में ध्वनि प्रभावों का प्रयोग करके असाधारण और नवीन संगीत के लिए दिया गया है; **बिष्णु खरगोरिया** (अभिनेता) को असमिया कथाचित्र **हागोरोलोइ बोहु दूर** में उस नाविक और उसके नाती के हृदय विदारक, यंत्रणापूर्ण संघर्ष का सजीव चित्रण करने मर्मस्पर्शी और स्मरणीय भूमिका के लिए दिया गया है जिसे न केवल उसके बेटे ने छोड़ दिया है बल्कि उसकी जीवन दायिनी नदी ने भी – जो कि उसकी आजीविका का केवल मात्र सहारा है और **एस कुमार** (कैमरा मैन) को मलयालम कथाचित्र **परिनयम** में परिवेश और पात्रों की रचना और सजीव प्रस्तुतीकरण के लिए दिया गया है जिससे दुरुह और जटिल दृश्यों के वास्तविक चित्रण में सहायता मिली है। संवेदनशीलता और कार्य कौशल का भरपूर परिचय मिलता है जिसमें कैमरे और लाइट का प्रयोग मौलिक कहानीकार के वस्तु-निर्देशों का चित्रण करने के लिए किया गया है।

SPECIAL MENTION

MAHESH (for NAMMAVAR), BISHNU KHARGHORIA (for HKHAGOROLOI BOHU DOOR) & S. KUMAR (for PARINAYAM)

Citation

The Feature Film Jury makes Special Mention for 1994 of **MAHESH** (Music Director) for the Tamil Film **NAMMAVAR** for his unusual and innovative score, using sound effects as an integral part of his musical arrangement, **BISHNU KHARGHORIA** (Actor) for the Assamese Film **HKHAGOROLOI BOHU DOOR** for his poignant and memorable role for bringing alive the heartrending agony of a boatman and his grandson, who is not only deserted by his son, but also his life sustaining river -his only source of livelihood and **S. KUMAR** (Cameraman) for the Malayalam Film **PARINAYAM** for recreating and bringing to life an ambience and characters that help lend credibility to a difficult and complex scenario. Sensitively handled and a sustained performance where the camera and lights have been used as an extension of the creative story teller.

महेश ने एक्स. एल. आर. आई. जमशेदपुर से एम.बी.ए. की डिग्री प्राप्त करने के बाद मैकडावेल ग्रुप ऑफ कम्पनीज़ से अपनी आजीविका आरंभ की। उसके पश्चात् वे इण्डिया पिस्टनस् के जनरल मैनेजर बने। संगीत का शौक महेश को बचपन से था। उन्होंने कई इंटर कॉलेज प्रतियोगिताओं में भाग लिया तथा एक संगीत गोष्ठी 'वरसेताइल्स' का भी गठन किया। 1990 से वे विज्ञापनों के लिए संगीत निर्देशन करने लगे। उन्हें 1994 का स्क्रीन पैनासोनिक का सर्वोत्तम प्रथम संगीतकार का पुरस्कार भी मिला है।

Mahesh, an MBA from XLRI, Jamshedpur, started his career with Mc Dowell Group of Companies. Later joined India Pistons to become a General Manager. Music always being a passion for Mahesh, he participated in various inter-collegiate functions and also had a music group **The Versatiles**. Since 1990, he started composing music for Ad-films. Recently, he has won the Screen Panasonic Award for the Best Musical Debut for the year 1994.

बिष्णु खारगोरिया

Bishnu Kharghoria

एस. कुमार ने 1982 से केरला राज्य फिल्म विकास निगम में जूनियर कैमरामैन के रूप में काम किया। बाद में वे 1984 तक ग़ैर-कथाचित्र कैमरामैन बने रहे। अब तक उन्होंने 57 कथाचित्र तथा 12 ग़ैर-कथाचित्रों में काम किया है। उन्होंने अपना स्वेच्छाकारी कार्य **थेनम् वायामपुम** से 1984 में किया। एस. कुमार को **पैथ्रुकम** के लिए फिल्म समीक्षक पुरस्कार तथा **मुस्कुराहथ** के लिए फिल्मफेयर पुरस्कार के अलावा कई और पुरस्कार भी प्राप्त हुए हैं।

S. Kumar joined Kerala State Film Development Corporation (KSFDC) in 1982 as Junior Cameraman to later become documentary film cameraman till 1984. Till date he has made about 57 films and 12 documentary films. His first independant film was **Thenum Vayampum** in 1984. He has received Film Critic's Award for **Paithrukam** and also the Filmfare Award for **Muskurath** among other awards.

ग़ैर-कथाचित्र पुरस्कार

Awards for Non-Feature Films

सर्वोत्तम ग़ैर-कथाचित्र पुरस्कार

रसयात्रा (अंग्रेज़ी-हिन्दी)

निर्माता : **इन्टरएक्शन वीडियो कम्यूनिकेशनस** को स्वर्ण कमल तथा 20,000/- रुपये का नकद पुरस्कार

निर्देशक : **नंदन कुद्यादि** को स्वर्ण कमल तथा 15,000/- रुपये का नकद पुरस्कार

प्रशस्ति

सर्वोत्तम ग़ैर-कथाचित्र का 1994 का पुरस्कार **रसयात्रा** को संगीत को भावपूर्ण एवं कल्पनाशील ढंग से गरिमायुक्त फिल्मी भाषा में प्रस्तुत करने के लिए प्रदान किया गया है।

AWARD FOR THE BEST NON-FEATURE FILM

RASAYATRA (ENGLISH - HINDI)

Swarna Kamal and a cash prize of Rs. 20,000/- to the Producer : **INTERACTION VIDEO COMMUNICATIONS**

Swarna Kamal and a cash prize of Rs. 15,000/- to the Director : **NANDAN KUDHYADI**

Citation

The Award for the Best Non-Feature Film of 1994 is given to **RASAYATRA,** for its sensitive and imaginative transposition of music, into a dignified cinematic expression.

नन्दन कुद्यादि ने बरोदा से सूक्ष्म कला में स्नातक होने के बाद पुणे के फिल्म एवं टेलिविज़न संस्था से फिल्म निर्देशन में महारत हासिल किया।
सर सी. वी. रमन पर उनकी फिल्म **दी साइंटिस्ट एण्ड हिज़ लेगासी** के लिए उन्हें 1989 में राष्ट्रीय पुरस्कार मिला। उन्होंने कई संस्थाओं के लिए फिल्म बनाई जैसे फेस्टिवल ऑफ इन्डिया, लन्दन; सर दोराब टाटा ट्रस्ट; यूनिसेफ आदि। नन्दन कुद्यादि की फिल्मों को कार्लोव वैरी, लेनिनग्राद, सिनेमा दु रील, भारतीय पैनोरामा तथा बम्बई अंतर्राष्ट्रीय फिल्म समारोह में दिखाई जा चुकी है।

Nandan Kudhyadi graduated from faculty of Fine Arts, Baroda before specializing in film direction from Film and Television Institute of India, Pune.
His film on Sir C.V. Raman **The Scientist & His Legacy** won the National Film Award in 1989. He has produced films for such prestigious clients like Festival of India, London; Sir Dorab Tata Trust; UNICEF and others. His films have been screened at Karlov Vary, Leningrad, Cinema Du Reel, Indian Panorama and the Bombay International Festival for Documentery Films.

निर्देशक का सर्वोत्तम प्रथम ग़ैर-कथाचित्र पुरस्कार

ए लिटिल वार (हिन्दी)

निर्माता : **भारतीय फिल्म एवं दूरदर्शन संस्थान के निदेशक** को रजत कमल तथा 10,000/- रुपये का नकद पुरस्कार

निर्देशक : **अतनु बिस्वास** को रजत कमल तथा 10,000/- रुपये का नकद पुरस्कार

प्रशस्ति

निर्देशक का सर्वोत्तम प्रथम ग़ैर-कथाचित्र का 1994 का पुरस्कार **ए लिटिल वार** को संयत भूमिकाओं की कुशल छायांकन के लिए प्रदान किया जाता है।

AWARD FOR THE BEST FIRST NON-FEATURE FILM OF A DIRECTOR

A LITTLE WAR (HINDI)

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 10,000/- to the Producer : **THE DIRECTOR, FILM & TELEVISION INSTITUTE OF INDIA**

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 10,000/- to the Director : **ATANU BISWAS**

Citation

The Award for the Best First Non-Feature Film of a Director of 1994 is given to **A LITTLE WAR,** for the restrained performances that its camera elicits.

अतनु बिस्वास ने पुणे के नेस वाडिया कामर्स कालेज से एम. कॉम पूर्ति करने के पश्चात् पुणे के फिल्म एवं दूरदर्शन संस्था से 1992 में फिल्म निर्देशन में शिक्षा प्राप्त करने के लिए योगदान दिया। **ए लिटिल वार** उनकी फिल्म एवं टेलीविजन संस्था की डिप्लोमा फिल्म है।

Atanu Biswas joined Film and Television Institute, Pune in 1992 to learn film direction after completing his M.Com. from Ness Wadia College of Commerce, Pune.

A Little War is his Diploma film from FTII.

सर्वोत्तम मानवशास्त्रीय/मानवजातीय फिल्म पुरस्कार

द ट्रैप्ड (अंग्रेज़ी)

निर्माता: **के. जयचन्द्रन** को रजत कमल तथा 10,000/- रुपये का नकद पुरस्कार

निर्देशक: **ओ. के. जॉनी** को रजत कमल तथा 10,000/- रुपये का नकद पुरस्कार

प्रशस्ति

सर्वोत्तम मानवशास्त्रीय/मानवजातीय फिल्म का पुरस्कार द ट्रैप्ड को प्रदान किया गया है जिसमें एक विशिष्ट छोटे समुदाय एवं वर्तमान काल में भाव प्रवणता के बिना शोषण किए जाने पर प्रकाश डाला गया है।

AWARD FOR THE BEST ANTHROPOLOGICAL/ ETHNOGRAPHIC FILM

THE TRAPPED (ENGLISH)

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 10,000/- to the Producer: **K.JAYACHANDRAN**

Rajat Kamal and a cash prize of Rs. 10,000/- to the Director: **O.K.JOHNNY**

Citation

